# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### बिना तेल के प्रज्ज्वलित होती है ज्योत

यहां बिना तेल के ही 9 दिनों तक ज्योत प्रज्ज्वलित होती है। ऐसी मान्यता है कि इस देवी मंदिर में हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान स्वतः ही ज्योति प्रज्ज्वलित होती है। इस दैवीय चमत्कार की वजह से भी लोग देवी के प्रति अपार श्रद्धा और भक्ति रखते हैं। कहा जाता है कि हर चैत्र नवरात्रि के दौरान देवी स्थल पहाड़ियों में अपने आप से ज्योति प्रज्ज्वलित होती है। ज्योति कैसे प्रज्ज्वलित होती है, यह आज तक लोगों के लिए पहेली बनी हुई है। ग्रामीणों की मानें तो यह निरई देवी का ही चमत्कार है कि बिना तेल के ज्योति नौ दिनों तक जलती रहती है।

# आस्था का सैलाब

## साल में एक बार खुलने वाले मंदिर में दी गई बकरों की बलि

*निरई माता मंदिर एक साल बाद चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को पांच घंटे के लिए खुला। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर की ओर जाने लगे। यहां बकरों की बलि माता को अर्पित की गई। मान्यता है कि मां निरई अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है।*



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

देशभर में मां दुर्गा के 52 शक्तिपीठों के साथ कई मंदिर है, जहां चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गरियाबंद से लगे मोहेरा गांव में माता का एक ऐसा रहस्यमयी मंदिर है। यहां केवल पुरुष ही अंदर जा सकते हैं और मंदिर में पूजा-पाठ कर सकते हैं। इस मंदिर की एक विशेष बात यह भी है कि यह वर्ष में एक दिन ही चैत्र नवरात्रि में भक्तों के लिए खोला जाता है और पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि मां निरई के दरबार में आकर बलि देने से उनकी मुरादें पूरी होती है। यह मंदिर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 90 किलोमीटर दूर स्थित है।

### महिलाओं का प्रवेश वर्जित

निरई माता मंदिर में महिलाओं के पूजा-अर्चना करने के लिए प्रवेश करना पूरी तरह से वर्जित है और यहां केवल पुरुष ही पूजा-पाठ की रीतियों को निभाते हैं। निरई माता का दर्शन पवित्र मन से किया जाता है। लोग बड़ी ▶▶शेष पेज 4 पर

### पहाड़ी पर विराजित है निरई माता

दरसल, चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है। पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में चैत्र नवरात्रि पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में माता के भक्तों की भारी भीड़ दर्शन करने पहुंच रही है। गरियाबंद से 12 किमी दूर सोंढूर, पैरी नदी के तट पर बसे मोहेरा के आश्रित निरई की पहाड़ी पर मां निरई विराजमान है।

### सिर्फ पांच घंटे खुला मंदिर

यह मंदिर एक प्राचीन इतिहास समेटे हुए हैं। यह मंदिर साल में केवल एक ही दिन खुलता है। वहीं, यह परंपरा कई वर्षों से इसी तरह चलती आ रही है। निरई माता मंदिर में माता को सिंदूर, सुहाग, श्रृंगार, कुमकुम, गुलाल, बंदन नहीं चढ़ाया जाता। नारियल, अगरबत्ती माता को अर्पित किए जाते हैं। वहीं माता का मंदिर साल में सिर्फ एक दिन चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को 5 घंटे के लिए खुलता है। इस बार निरई माता का जातरा 14 अप्रैल को सुबह 4 बजे से लेकर 9 बजे तक खुले रहा।









### पीएम मोदी ने भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी 2024 को किया लॉन्च

# 5 साल मुफ्त राशन, 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के लिए 5 लाख तक मुफ्त इलाज

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा केंद्रीय कार्यालय विस्तार में 2024 लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा के संकल्प पत्र भाजपा का संकल्प - मोदी की गारंटी 2024 को लॉन्च किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अलग-अलग वर्ग और क्षेत्र के लाभार्थियों को मंच पर बुलाकर संकल्प पत्र की पहली प्रति सौंपी। इसमें गरीबों को 5 साल मुफ्त राशन, 70 प्लस बुजुर्गों का 5 लाख तक का मुफ्त इलाज, गरीबों को मुफ्त बिजली का वादा किया गया है।*

### ऐसा संकल्प

- अगले पांच वर्षों तक गरीबों को मुफ्त राशन
- गरीब परिवारों को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज
- 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गरीबों को मुफ्त बिजली
- तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने के लिए प्रयास
- रोजगार के अवसरों का विस्तार
- 2030 तक भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के उपाय।
- सुशासन पर 'मोदी की गारंटी'
- समान नागरिक संहिता लाना
- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को एक वास्तविकता बनाना
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना
- संतुलित क्षेत्रीय विकास, पूर्वोत्तर में शांति बनाए रखना
- पेपर लीक को रोकने के लिए कानून का कार्यान्वयन
- फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कार्यक्रम में मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा-नीत एनडीए सरकार के पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया गया। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के बाद तेजी के कार्य शुरू हो जाएगा। भाजपा सरकार ने पहले से ही प्रारम्भिक 100 दिनों के एक्शन प्लान पर काम करना शुरू कर दिया है। देश के 140 करोड़ देशवासियों का ऐम्बिशन 'मोदी का मिशन है'। हरियाणा के झज्जर जिले के गांव सिलानी के रहने वाले किसान रामवीर चाहर को पीएम मोदी ने संकल्प पत्र की पहली कॉपी सौंपी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरा देश ▶▶शेष पेज 4 पर

**पीएम ने कहा-देश के 140 करोड़ देशवासियों का ऐम्बिशन 'मोदी का मिशन है'**

**कहा, भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के बाद तेजी के कार्य शुरू हो जाएगा**




### पीएम बोले- 100 दिन कार्ययोजना पर काम

मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद भाजपा के 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।

### धारा 370 को समाप्त किया राम मंदिर बनाया : नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 5 अगस्त को 2019 को धारा 370 को समाप्त कर दिया गया। 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन हुआ और रामलला को टेंट से निकालकर भव्य राम मंदिर में विराजमान किया गया।

### राजनाथ बोले, 15 लाख सुझावों से बना घोषणा पत्र

चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि संकल्प पत्र समिति के पास तीन माध्यमों से 15 लाख के लगभग सुझाव आए। इन सुझावों में से मुख्य मुद्दे ढूंढ कर उन पर कार्य किया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संकल्प पत्र- 2024 तैयार किया गया।

### सीएम साय बोले

## हमारा 'संकल्प पत्र' संविधान की तरह पवित्र




रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, भाजपा जो कहती है, वो करती है। देश की जनता ने देखा है कि भाजपा ने 2014 और 2019 में जो भी वादा अपने संपल्प पत्र में किया था, उसे पूरा किया है। हमारा संकल्प पत्र हमारे हालिए संविधान की तरह पवित्र है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा ने जनता जो ▶▶शेष पेज 4 पर

- हमारा संकल्प पत्र भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, विश्वास बहाली और भारत के भविष्य का सुनहरा रोडमैप

### ज्ञान पर आधारित है घोषणापत्र

श्री साय ने कहा, हमारा विजन डॉक्यूमेंट, यह संकल्पपत्र ज्ञान आधारित है। इसमें जी का अर्थ गरीब, वाई का अर्थ युवा, ए का अर्थ अन्नदाता किसान और नए का अर्थ नारी है। हमने नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून बनाया। 2029 से विधानसभा और लोकसभा में उनका 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। जैसे मोदी की गारंटी पर 70 लाख महिलाओं को हमने महतारी वंदन योजना की दो किस्त दी हैं, वह भी मोदी की गारंटी ही है।

### भाजपा का संकल्प पत्र छलावा: डॉ. महंत



भाजपा द्वारा जारी चुनावी संकल्प पत्र को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छलावा से ज्यादा कुछ नहीं करार देते हुए कहा कि इसमें महंगाई से त्रस्त जनता और भीषण बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं को राहत देने के लिए न तो कोई बात की गई है और न ही कोई उपाय इनके ▶▶शेष पेज 4 पर

### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

लखनऊ 161/7 Vs कोलकाता 162/2

8 विकेट से जीती केकेआर

89* रन : फिल साल्ट
प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई 206/4 Vs मुंबई 186/6

20 रन से जीती सीएसके

4 विकेट : मथीसा पथिराना
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज का मैच**

बेंगलोर Vs हैदराबाद

समय : शाम 7.30 बजे

### खबर संक्षेप

#### अमरनाथ यात्रा 29 से आज से पंजीयन

नई दिल्ली। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी। 50 दिन की इस यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। यात्रा 19 अगस्त को सावन पूर्णिमा को खत्म होगी। जो भी श्रद्धालु इस यात्रा पर जाना चाहते हैं। वे आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है- अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल ज़िले में 14 किलोमीटर छोटा और संकरा बालटाल मार्ग।


# दरवाजे पर कुंडी, सो रहे तीन बच्चे जल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मैनपाट के बरिमा में बीती रात आग की घटना में एक साथ तीन मासूम बच्चों की जलकर मौत हो गई। तीनों बच्चे घर में सो रहे थे जबकि उनकी मां बाहर से दरवाजे पर कुंडी लगाकर मोहल्ले में ही किसी दूसरे व्यक्ति के घर खाने पीने गई हुई थी। वहीं बच्चों का पिता कमाने के लिए महाराष्ट्र के पुणे गया हुआ है। दुखद यह है कि आग लगने के बाद बच्चों ने भागने का प्रयास भी किया लेकिन बाहर से दरवाजा बंद था ऐसे में बच्चे आग के बीच आपस में लिपटकर बैठ गए और तीनों की एक साथ जलकर मौत हुई। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद ▶▶शेष पेज 4 पर

### भागने का नहीं मिला मौका, तीनों ने एक-दूसरे को लगा रखा था गले





- मां गई थी मोहल्ले में खाने

### एक साथ लिपटे मिले शव

घटनास्थल पर जब पुलिस पहुंची तो तीनों बच्चों के शव आपस में लिपटे हुए मिले। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि तीनों बच्चों ने आग लगने पर भागने का प्रयास किया लेकिन बाहर से दरवाजा बंद था।

### तीन बच्चों की हुई मौत


बरिमा में आग घर में आग की घटना हुई है। सूचना पर पुलिस व जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी। इस घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। घर का दरवाजा बाहर से बन्द था और मां मोहल्ले में गई हुई थी। पुलिस की जांच जारी है और जांच के बाद घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

- रवि राही, एसडीएम

### चल रही है जांच

घर के अंदर चूल्हे से आग लगी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। शवों का पीएम कराया गया है। बच्चों की मां का बयान भी लिया गया है। जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

- अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी सरगुजा



### महिलाओं के कमरे में छिपा अकबर डेढ़ साल बाद गिरफ्तार

# पुलिस से बचने फरार कांग्रेस नेता ने पहन लिया था बुर्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कांग्रेस कार्यकर्ता की खुदकुशी करने के मामले में डेढ़ साल से फरार फरार आरोपी कांग्रेस नेता अकबर खान को रविवार को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ने गई पुलिस को देखकर अकबर खान घर में महिलाओं के साथ बुर्का पहनकर छिप गया था, परंतु पुलिस ने उसे ढूंढ निकाला। पुलिस ने उसके साथी कांग्रेस पार्षद तयैब हुसैन के घर में भी दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। 4 अक्टूबर 2022 को चांटीडीह निवासी रज्जब अली पिता स्व. रोशन अली 56 साल ने फांसी लगाकर ▶▶शेष पेज 4 पर

खास खबर

### सहयोगी कांग्रेस पार्षद के घर में पुलिस ने दी दबिश, नहीं मिला

### सकरी थाने में भी दर्ज है मामला

11 जनवरी 2022 को कुम्हारपारा निवासी सिद्धार्थ नागवंशी पिता वीरेन्द्र नागवंशी ने उसलापुर गीताजंली सिटी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उनकी मां अरूणा व पिता वीरेन्द्र ने भूमाफिया कांग्रेस नेता अकबर खान सहित अन्य पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। हाईकोर्ट ने तत्कालीन सीएसपी संदीप पटेल को जमकर फटकार लगाई। उसके बाद सकरी थाने में अकबर खान, शिबू उर्फ फैजान खान, मीनाक्षी बंजारे के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था।



### एएसपी ने जांच में पाया दोषी

एडीशनल एसपी सिटी शिकायत की जांच कर रहे थे। जनवरी 2024 में जांच में दोषी पाए जाने पर दोनो के खिलाफ अपराध क्रमांक 28/ 24, धारा 304, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था।

### शहर में चलाता था गैंग

आरोपी अकबर खान शहर में युवाओं का गैंग चला रहा था। लंबे अरसे से वह शहर में भूमाफिया का काम कर गुर्गो के बल पर लोगों की जमीन पर कब्जा करने काम कर रहा था।

### गिरफ्तारी की गई

रज्जब अली आत्महत्या के मामले में फरार आरोपी अकबर खान के उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वह घर में महिलाओं के साथ बुर्का पहनकर बैठा हुआ था। उसके साथी तैयब हुसैन के घर में दबिश दी गई। वह नहीं मिला है, उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

- सिद्धार्थ बघेल, सरकण्डा सीएसपी



हरिभूमि रण भूमि लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



# बस्तर के चुनाव में कांग्रेस से डेढ़ गुना अधिक खर्च कर रही भाजपा

*छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बस्तर सीट पर चुनाव हो रहा है। इस सीट पर मुख्य मुकाबला राज्य की सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी कांग्रेस के बीच होना तय माना जा रहा है। हालांकि मैदान पर बसपा, सीपीआई सहित अन्य दल और कुछ निर्दलीय भी किस्मत आजमा रहे हैं। 19 अप्रैल को यहां मतदान से पहले चुनाव प्रचार पूरी तेजी पर है। चुनाव में खर्च की अगर बात की जाए, तो भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने सबसे अधिक खर्च किया है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा हैं। दोनों प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन आयोग को दिए गए खर्च के हिसाब से साफ होता है कि भाजपा प्रत्याशी ने अब तक कांग्रेस के मुकाबले अब तक डेढ़ गुना अधिक खर्च किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर सीट पर हो रहे चुनाव के लिए वहां के सभी प्रत्याशियों ने 10 अप्रैल तक हुए अपने चुनावी खर्च का ब्योरा भारत निर्वाचन आयोग को दिया है। भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने खर्च का जो ब्योरा दिया है उसका महायोग 32 लाख 91 हजार 627 रूपए बताया गया है। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा का खर्च 20 लाख 26 हजार 701 रूपए सामने आया है। दूसरी ओर इन दोनों प्रत्याशियों के साथ-साथ अन्य दलों के प्रत्याशी व निर्दलीय भी चुनाव मैदान में डटे हुए है। लेकिन जहां तक खर्च का सवाल है, अन्य प्रत्याशी इन बड़ी पार्टियों के मुकाबले कहीं टिक नहीं पा रहे हैं।

## पहले चरण की सीट है, 19 को होना है मतदान

### प्रत्याशियों ने 10 अप्रैल तक के खर्च का दिया है हिसाब



### बसपा प्रत्याशी का खर्च 1 लाख 54 हजार

बस्तर सीट से बहुजन समाज पार्टी(बसपा) ने आयतूराम मंडावी को प्रत्याशी बनाया है। वे इसी सीट से पिछला लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार फिर पार्टी ने उन्हीं पर दांव लगाया है। श्री मंडावी ने अपने खर्च का जो हिसाब दिया है वह 10 अप्रैल की स्थिति में 1 लाख 54 हजार 680 रूपए है। इसी तरह बस्तर से सीपीआई के प्रत्याशी फूल सिंह कचलाम ने अब तक 4 लाख 51 हजार, 640 रूपए खर्च किए हैं। एक निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश कुमार गोटा मात्र 46 हजार 743 रुपए ही खर्च कर पाए हैं।

### 95 लाख तक कर सकते हैं खर्च

*लोकसभा चुनाव में खर्च की सीमा भारत निर्वाचन आयोग ने तय कर रखी है। लोकसभा के प्रत्याशी के लिए यह लिमिट 95 लाख रूपयों की है। इतनी राशि केवल प्रत्याशी ही खर्च कर सकता है। जबकि राजनीतिक दलों के लिए खर्च की कोई सीमा तय नहीं है। जहां तक बस्तर का सवाल है यह एसटी बहुल क्षेत्र है। माना जाता है कि इस सीट पर राज्य की अन्य सीटों के मुकाबले राशि कम ही खर्च होती है।*

### हर विधानसभा सीट का देना होता है हिसाब

*लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के क्षेत्र की हर विधानसभा सीट पर खर्च की राशि का ब्योरा अलग-अलग देना होता है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें सबसे प्रमुख शहरी क्षेत्र जगदलपुर है। यहां प्रत्याशियों को अधिक राशि खर्च करने का अवसर मिलता है और यहां माना जाता है कि खर्च भी अधिक होता है। अन्य विधानसभा क्षेत्र जैसे कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण व जंगल क्षेत्र है।*

## आमने/सामने

### भाजपा का संकल्प पत्र नहीं जुमला -दीपक बैज




*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र बताते हुए कहा, पिछले दो चुनावों में अपने वादों को भूल जाने वाले किस नैतिकता से नया संकल्प पत्र जारी किये हैं। भाजपा को जनता से नया वादा करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। यह जनता को ठगने का एक हथियार है। चुनाव में वोट लेने के बाद अपने संकल्प पत्र के वादों को ये खुद चुनावी जुमला बता देते हैं। जनता में भाजपा और मोदी दोनों की ही विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है।*

### संकल्प पत्र के वादे मोदी की गारंटी-किरण देव



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह ने कहा, भाजपा का संकल्प पत्र और उसमें किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। भाजपा ने 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक रूप से पूरे विश्व में अपने विकास का लोहा मनवाया है। यूपीए की सरकार के मंदी के दौर से निकलकर आज भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। वह दिन अब दूर नहीं कि भारत विश्व गुरु कहलाएगा।

## गोविल मांग रहे वोट



मेरठ, यूपी में रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान इसी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार 'टीवी के राम' अरुण गोविल।

## 'विपक्ष ने फूट की वजह से अपनी ताकत खो दी'

### नोबेल विजेता मशहूर अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने कांग्रेस को दी सलाह



**नई दिल्ली।** मशहूर अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने कहा कि भारत में विपक्ष ने फूट के कारण अपनी अधिकांश ताकत खो दी है। सेन ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस में कई संगठनात्मक समस्याएं हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। एक इंटरव्यू में अमर्त्य सेन ने कहा कि जातीय जनगणना पर विचार किया जा सकता है, लेकिन उनका मानना है कि भारत को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और लैंगिक समानता के माध्यम से वंचितों को अधिक सशक्त करने की जरूरत है। नोबेल विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने कहा कि उन्हें भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने पर गर्व है, लेकिन देश की लोकतांत्रिक प्रकृति को आगे बढ़ाने के लिए कठिन मेहनत करने की जरूरत है। विपक्षी गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन ज्यादा लोकप्रियता हासिल करने में नाकाम रहा क्योंकि जदयू और रालोद जैसे उसके महत्वपूर्ण सहयोगी अलग हो गए।

## चुनाव जागरुकता कैंपेन



अमृतसर, पंजाब में रविवार को लोगों को वोट देने के लिए जागरूक करने के लिए चेहरे और हाथों पर रंग लगाए युवतियां।

### बिहार में परंपरागत वोट बैंक के विभाजन रोकने के प्रयास में महागठबंधन

# 'क्लीन स्वीप' की सियासी रणनीति के साथ इस बार चुनाव मैदान में राजग

*देश की सियासत के लिहाज से बिहार उन राज्यों में शुमार है, जहां से 40 सदस्य निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचते हैं। इन सीटों पर सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों में प्रमुख रुप से राजग और इंडिया गठबंधन के बीच दिलचस्प सियासी जंग होने की संभावना है। इसका प्रमुख कारण लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में हुए बिखराव के कारण बदले सियासी समीकरण ने बिहार में लोकसभा चुनाव को नए मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिसमें राज्य की सत्ताधारी पार्टी जदयू ने राजग गठबंधन को जो सियासी ताकत दी है, उसमें लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजरें टिकी होंगी?*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

बिहार की सियासत में दशकों से जातीय आधार पर वोट बैंक की राजनीति हावी रही है। ओबीसी और दलित वोट बैंक, जो पहले कांग्रेस को मिलता रहा है, उसमें पिछले एक दशक से तेजी से गठबंधन की राजनीति के कारण विभाजन होता देखा गया है। खासतौर से ओबीसी बाहुल्य राज्य बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरणों ने राजनीतिक दलों की दशा और दिशा भी मुद्दों के आधार पर बदलकर रख दी है। ऐसे में सियासी दल चुनावी फायदे को लेकर अपनी रणनीति तैयार करते आ रहे हैं। ऐसी ही रणनीति के तहत पिछले चुनाव की तुलना में इस बार राजग के कुनबे में जदयू व लोजपा के साथ हम और आरएलएमपी भी शामिल हुआ है। राजग के मुकाबले इंडिया गठबंधन में लालू यादव की राजद ने सबसे ज्यादा 26 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है, जबकि कांग्रेस को केवल नौ तथा वामदलों को पांच सीटे दी हैं।

### बिहार में राजग की रणनीति

बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर पिछले 2019 के चुनाव में राजग गठबंधन को 39 सीटो पर जीत मिली थी, जिसमें भाजपा व जदयू ने सभी 17-16 एक लोजपा ने 6 सीटों पर परचम लहराया था, जिसमें भाजपा ने सबसे ज्यादा 23.58 फीसदी वोट के साथ अव्वल थी। उस चुनाव में बाकी एक सीट पर कांग्रेस काबिज हुई थी। राज्य में लंबे समय तक राज करने वाली लालू यादव की राजद को शायद पहली बार हाथ मलते देखा गया। मौजदा चुनाव में राजग ने बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। ऐसी ही चुनावी रणनीति के साथ राजग गठबंधन इसलिए इस बार चुनाव मैदान में है। बिहार में इस बार लोकसभा चुनाव में 7.64 करोड़ मतदाताओं का चक्रव्यूह तैयार है।



### राजग में सीट शेयरिंग

*बिहार की 40 में से गठबंधन फार्मूले के मुताबिक बंटवारे में आई 17 लोकसभा सीटों पर भाजपा चुनाव मैदान में होगी। जदयू के खाते में 16 सीटें आई हैं, वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (आर) को 5 तो हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को एक-एक सीट मिली है।*

### यह है जातिगत समीकरण

बिहार की नीतीश सरकार के जारी राज्य में जाति आधारित जनगणना के आंकड़ो के मुताबिक बिहार में ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदाय 84.48 फीसदी हैं, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग 63.13 फीसदी, अनुसूचित जाति 19.65 फीसदी, एससी-एसटी का प्रतिशत 21.39 में अनुसूचित जनजाति 1.68 फीसदी है। जबकि सवर्ण समाज की आबादी महज 15.52 फीसदी हैं। ओबीसी में सबसे ज्यादा आबादी यादव की है, जिसके बाद रविदास, कोइरी, ब्राह्मण और राजपूत समुदाय के लोग हैं। यदि धार्मिक आधार पर देखा जाए तो हिंदू आबादी 81.99 फीसदी है, तो मुस्लिम आबादी 17.70 फीसदी है। जबकि ईसाई, सिख, बौद्ध और जैन समाज मिलकर भी आधा फीसदी भी नहीं है।

### किस सीट पर कब होगा मतदान

- चरण 1 : 19 अप्रैल– औरंगाबाद, गया, नवादा,जमुई
- चरण 2 : 26 अप्रैल– किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया,भागलपुर,बांका
- चरण 3 : 07 मई– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगरिया
- चरण 4 : 13 मई– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर
- चरण 5 : 20 मई– उत्सव प्रस्ताव सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण, हाजीपुर
- चरण 6 : 25 मई– वाल्मिकीनगर,पश्चिम चंपारण,पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सिवान, महाराजगंज
- चरण 7 : 01 जून– नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद

### विपक्षी गठबंधन पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री

# कांग्रेस ने नहीं किया बाबा साहेब का सम्मान : मोदी

एजेंसी ▶▶| होशंगाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले की नर्मदापुरम में चुनावी सभा की। यहां उन्होंने इंडी गठबंधन, कांग्रेस, राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कांग्रेस पर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। एक झटके में गरीबी दूर करने वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को जो सम्मान कांग्रेस ने कभी नहीं दिया, वो सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का ही काम किया है। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब मां का ये बेटा (मोदी) आपसे तीसरी बार सेवा करने का आशीर्वाद मांग रहा है।





### बीजेपी पर जमकर बरसीं प्रियंका

# 'जनता से कट चुके हैं मोदी, जनता की समस्या महंगाई-बेरोजगारी'

एजेंसी ▶▶| जालौर

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को भीनमाल, राजस्थान में चुनावी सभा की। यहां जालौर में उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि यह चुनाव का समय है और ये हिसाब लेने का समय है। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को कुछ समझ नहीं आ रहा है। उनकी सरकार में इतनी सख्ती हो गई है कि अधिकारी और साथ में काम करने वाले डरते हैं। उन्होंने कहा कि जब ऐसी स्थिति बनती है, तब आदमी जनता से कट जाता है। मुझे लग रहा है कि पीएम मोदी जनता से कट चुके हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनता की समस्या महंगाई, बेरोजगारी है। 10 सालों में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है।



**महंगे गैस सिलेंडर पर तंज :** बीजेपी के चुनावी वादों को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा कि अब चुनाव आ रहा है, तो वह गैस सिलेंडर 400 रुपये में देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवाल करते हुए अगर ऐसा है तो आपने 1200 रुपये में सिलेंडर क्यों दिया? कांग्रेस नेत्री ने कहा कि अब चुनाव आ रहा है तो सिलेंडर 400 रुपये में देने की बात कर रहे हैं और महंगाई को भी कम करने पर जोर दे रहे हैं।


### कहा था- ये लड़का बहुत आगे जाएगा, प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी भी

# अटल के पहले ही भाषण से मुरीद हो गए थे नेहरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके भाषण का हर कोई कायल था। इतना ही नहीं देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भी उनके भाषण सुनकर मुरीद हो गए थे। नेहरू ने तब ही कहा था कि एक दिन तुम देश के प्रधानमंत्री बनोगे। बाद में ये बात सच साबित हुई और वे देश के तीन बार प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को हुआ, इस दिन को भारत में बड़ा दिन कहा जाता है। वे 1942 में राजनीति में उस समय आए, जब भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उनके भाई 23 दिनों के लिए जेल गए। 1951 में आरएसएस के सहयोग से बनी भारतीय जनसंघ पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी संस्थापक सदस्य थे। इसके अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। साल 1952 में अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार लखनऊ लोकसभा सीट से लड़ा, पर सफलता नहीं मिली. पहली बार सफलता 1957 में उनके हाथ लगी। 1957 में जनसंघ ने अटल बिहारी वाजपेयी को तीन लोकसभा सीटों लखनऊ, मथुरा और बलरामपुर से चुनाव लड़ाया। लखनऊ में वो चुनाव हार गए, मथुरा में उनकी ज़मानत जब्त हो गई लेकिन बलरामपुर संसदीय सीट से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे।

### राजनैतिक मतभेदों से इतर एक-दूसरे का था पूरा सम्मान



### प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी

वाजपेयी के असाधारण व्यक्तित्व को देखकर उस समय के वर्तमान प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि आने वाले दिनों में यह व्यक्ति जरूर प्रधानमंत्री बनेगा। नेहरू ने ये बात तब कही थी जब एक दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने दिल्ली में ब्रिटिश नेता से अटल बिहारी वाजपेयी की मुलाकात करवाई। इस दौरान नेहरू ने अटल का परिचय देते हुए कहा- इनसे मिलिए, यह युवा एक दिन देश का प्रधानमंत्री बनेगा।

### क्या सिर्फ विपक्ष होने के नाते नेहरू का विरोध जरूरी?

*बता दें कि एक बार संसद में एक बार तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू पर विपक्षी नेता जमकर निशाना साध रहे थे। अटल जी काफी देर तक ये देखते रहे और फिर गुस्से से अपनी सीट से उठे और पूछा कि क्या सिर्फ विपक्ष होने के नाते प्रधानमंत्री का विरोध करना जरूरी हो गया? नेहरू ने भी वाजपेयी की इस जिंदादिली का खुलकर स्वागत किया और उन्हें साल 1961 में नेशनल इंटिग्रेशन काउंसिल में नियुक्ति दी। अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों ने उन्हें कम उम्र में ही चर्चित कर दिया था। अटल बिहारी सरकार की नीतियों के विरोध में जोरदार तरीके से अपनी बात रखते थे। यूं तो नेहरू भी अच्छे वक्ता थे। लेकिन दोनों ही लोग राजनैतिक मतभेदों से इतर एक दूसरे का पूरा सम्मान करते थे।*

**रायपुर**

**सोमवार, 15 अप्रैल 2024**

चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 22, अंक : 267
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 36.9
न्यूनतम. 22.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## बाइक सवार ने बरसाई गोलियां



बढ़ाई गई सुरक्षा

# सलमान के घर के बाहर फायरिंग



एजेंसी ▶▶| मुंबई

अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार तड़के मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोलीबारी की। इसके बाद पुलिस ने उनके आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। बांद्रा इलाके में स्थित 'गैलेक्सी ▶▶|शेष पेज 04 पर

### अभी ट्रेलर था...

इधर, इस फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई के भाई ने ली है। उसने इसे आखिरी चेतावनी बताया है। लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है। इसे साझा करने के साथ ही उसने लिखा, 'ॐ जय श्री राम, जय गुरुजी जम्भेश्वर, जय गुरु दयानंद सरस्वती, जय भारत। हम अमन चाहते हैं।

### सीएम शिंदे ने सलमान से की बात

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से उनके आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के मद्देनजर बात की और अभिनेता को समर्थन का आश्वासन दिया। शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी।

## राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी पांडेय के लिए शाह ने मांगा समर्थन

# शाह बोले-जब तक भाजपा सरकार तब तक खत्म नहीं होने देंगे आरक्षण

*राजनांदगांव लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए प्रचार करने खैरागढ़ पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष संविधान निर्माता को याद करने वाले दिन भी झूठ कहते हैं कि भाजपा सरकार बनते ही संविधान बदल देगी, लेकिन मैं आपको वादा करता हूं कि जब तक केंद्र में भाजपा की सरकार रहेगी, आरक्षण नहीं हटाया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग को आरक्षण मिलता रहेगा। तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं, हम अगले तीन साल में छग से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे। अपने संबोधन के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल को भी निशाना बनाते कहा कि देश में कांग्रेस ने कई घोटाले किए, लेकिन कभी भी भगवान के नाम पर घोटाला नहीं ▶▶|शेष पेज 04 पर



### ऐसे हराएं कि दोबारा नांदगांव न आएं : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर विश्वास कर भाजपा को जीत दिलाई। अब लोकसभा में भी सभी 11 सीटें जीतकर मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधते कहा कि झूठे वादे कर पांच साल सरकार के दौरान जनता को धोखा देने का काम किया। शराब से लेकर रेत, कोल जैसे कई घोटाले किए। अब वे नांदगांव में सांसद का चुनाव लड़ने आए हैं। उन्हें ऐसा हराकर भेजिए कि दोबारा नांदगांव की तरफ देखें भी ना।

### हमेशा झूठ बोलते हैं भूपेश

गृहमंत्री शाह ने संबोधन के दौरान कहा कि भूपेश यदि कहते हैं कि आज सोमवार है तो मान लेना की रविवार है, क्योंकि वे कभी सच नहीं कहते। भूपेश ने अपनी सरकार के दौरान शराबबंदी, जुट कारखाना, माताओं को प्रतिमाह 500 रुपए देने जैसे झूठे वादे किए। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय को रायपुर शिफ्ट करने का प्रयास किया।

इधर, भूपेश ने उठाए सवाल


### कहा-महादेव सट्टा ऐप को चालू रखने भाजपा ने कितना चंदा लिया

**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खैरागढ़ की चुनावी सभा में राज्य की भाजपा सरकार के कारनामों को छिपाकर बड़े-बड़े झूठ बोलकर चले गए। उन्होंने महादेव ऐप के बारे में तो ढ़ेर सारी बातें की, लेकिन यह नहीं बताया कि अब जबकि डबल इंजन की सरकार है तो महादेव ऐप क्यों चल रहा है? उन्हें बताना चाहिए कि भाजपा ने महादेव ऐप को चालू रखने के लिए चलाने वालों से कितना चुनावी चंदा लिया है? भूपेश बघेल ने कहा कि महादेव ऐप पर कार्रवाई तो कांग्रेस की सरकार ने की थी और केंद्र की भाजपा सरकार से अनुरोध किया था कि महादेव ऐप को बंद कर उसके संचालकों को गिरफ्तार कर लें, लेकिन ▶▶|शेष पेज 04 पर



पहली बार सीधा हमला

# ईरान ने इजरायल पर दागीं 300 ड्रोन-मिसाइलें



एजेंसी ▶▶| यरूशलम

इजरायल-हमास की जंग अब क्षेत्रीय संघर्ष में तब्दील होता नजर आ रहा है। इजरायल लगातार ईरान के खिलाफ 'उकसावे वाली कार्रवाई' कर रहा है। इजरायल ने सीरिया में ईरानी एंबेसी को भी ध्वस्त कर दिया। इसका जवाब अब ईरान ने 300 मिसाइलों से दिया, साथ ही चेतावनी दी कि अगर इस जवाबी कार्रवाई का जवाब दिया जाता है तो वे भी शांत नहीं बैठेंगे। ईरान ने एक अप्रत्याशित कदम ▶▶|शेष पेज 04 पर

### नेतन्याहू ने दी चेतावनी

इससे पहले नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा था, जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उन्हें नुकसान पहुंचाएंगे। अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र , फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की है। फ्रांस ने कहा कि ईरान संभावित सैन्य हमलों का खतरा बढ़ रहा है। ब्रिटेन ने इस हमले को 'फिजूल' करार दिया।

### एयर इंडिया ने निलंबित कीं तेल अवीव की उड़ानें

**नई दिल्ली।** इजराइल और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच एयर इंडिया ने रविवार को तेल अवीव के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ानें फिलहाल निलंबित रहेंगी।

टक्कर के बाद भीषण आग

# ट्रक और कार की टक्कर में दंपति समेत 7 जिंदा जले



एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार कार, ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई जिसके बाद उसमें आग लग गयी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गयी। मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं।

### इनकी हो गई मौत

फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (सात वर्ष) और दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है।

बाइक सवारों ने मारी गोली

# सरबजीत को मारने वाले आतंकी की पाक में हत्या



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में हमला किया और उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### जेल में की गई थी सरबजीत की हत्या

पाकिस्तानी कैदियों के एक समूह ने भारतीय कैदी सरबजीत सिंह पर ईंट और लोहे की छड़ों से हमला किया था। सिंह को 1990 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कई बम विस्फोटों में संलिप्त रहने का कथित तौर पर दोषी पाया गया था और उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी।




## चिंतन

# न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा

आम चुनाव से पहले पार्टियों द्वारा घोषणा पत्र जारी करने की परंपरा रही है। घोषणा पत्र के जरिये लोकलुभावन वादों से वोटरों को लुभाने की कोशिश होती है। हालांकि 1952 से हो रहे आम चुनाव में घोषणा पत्रों में किए गए वादे पार्टियों ने शायद ही पूरे किए हैं। केंद्र में चाहे सरकार कांग्रेस या उसके गठबंधन की रही हो या फिर भाजपा नीत गठबंधन की, किसी ने भी चुनाव से पहले किए वादों को पूर्णतः पूरा नहीं किया। इस बार भी लोकसभा चुनाव से पूर्व मिशन 2024 के लिए कांग्रेस और भाजपा ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने अपने 76 पन्नों के मेनिफेस्टो को संकल्प पत्र का नाम दिया है, कांग्रेस ने न्याय पत्र नाम दिया है। गत पांच अप्रैल को कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटी के वादे के साथ अपना 48 पन्नों का घोषणा पत्र जारी किया था और आज भाजपा ने डा. भीम राव आंबेडकर की जयंती के दिन 14 अप्रैल को अपना संकल्प पत्र जारी किया है, इसमें 24 गारंटी के वादे हैं। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के लिए आंबेडकर जयंती का दिन चुनकर एक बड़े वर्ग को सामाजिक न्याय का भरोसा दिया है। उसने अपने संकल्प पत्र में पुरानी योजनाओं को जारी रखने, उनका दायरा बढ़ाने, 2047 तक विकसित भारत बनाने समेत कई बड़े वादे किए हैं। ये बातें पीएम मोदी पहले से ही करते रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने 'न्याय पत्र' में सामाजिक न्याय के साथ युवाओं, महिलाओं और किसानों को केन्द्र में रखकर कई बड़े वादे किए हैं। बारीकी से देखें तो, दोनों घोषणा पत्र गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के ईर्द-गिर्द हैं। कांग्रेस का जोर स्थाई सरकारी नौकरी व महिलाओं को नकद देने पर ज्यादा है। भाजपा की गारंटियों में सभी को स्वास्थ्य बीमा, सभी के लिए बीमा योजना और सभी को पक्का घर देने का वादा प्रमुख हैं। इसमें मूलभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ कृषि और रोजगार क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र को मोदी सरकार 3.0 के अगले पांच सालों के बजट का संकेत पत्र माना जा सकता है। भाजपा के घोषणा-पत्र में समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, अगले पांच साल तक 5 किलो मुफ्त राशन, पेपर-लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाने, मैन्युफैक्चरिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश, इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार, हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स, किसान निधि जारी रखने, 3 करोड़ लखपति दीदी, उत्तर भारत में भी बुलेट ट्रेन, 70 से अधिक उम्र के सभी लोगों व ट्रांसजेंडरों को भी आयुष्मान योजना का लाभ, गरीबों को 3 करोड़ नए घर, रसोई गैस की पाइप से आपूर्ति, 20 लाख तक मुद्रा ऋण जैसे सर्व समावेशी वादे किए गए हैं। 2019 के घोषणा-पत्र में भी भाजपा ने यूसीसी, एक राष्ट्र एक चुनाव, 60 साल की उम्र के बाद देश के किसानों व छोटे दुकानदारों को पेंशन देने आदि जैसे बड़े वादे किए गए थे, जो पूरे नहीं हुए। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में पांच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय के साथ जाति जनगणना कराने, गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपये नकद देने, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, 30 लाख सरकारी नौकरी देने, एमएसपी को कानूनी दर्जा, जीएसटी मुक्त खेती, एक वर्ष के भीतर एससी/एसटी के बैकलॉग भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, योजना आयोग की बहाली, बुल्डोजर न्याय को खत्म करने, संविधान की रक्षा करने जैसे बड़े वादे किए हैं। अब गेंद जनता के पाले में है कि वह भाजपा या कांग्रेस में से किसकी गारंटी पर भरोसा करती है। यह चुनाव न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा है। चूंकि इस बार का चुनाव पूर्ण बहुमत बनाम गठबंधन सरकार के बीच है, जिसमें भाजपा पूर्ण बहुमत की बात कर रही है, वहीं कांग्रेस इंडी गठबंधन की विजय के लिए कोशिश में है, ऐसे में मेनिफेस्टो में गारंटियों की परीक्षा भी है।

## सारा संसार



महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 14 किलोमीटर दूर पुणे-बेंगलुरू राजमार्ग पर चिन्मय गणधीश मंदिर पूरी दुनिया में गणेश की सबसे ऊंची मूर्ति के लिए जाना जाता है। यह प्रतिमा 61 फीट की ऊंचाई पर खड़ी है। इसका उद्घाटन 2001 में किया गया।

**आम चुनाव**
**सोनम लववंशी**



# भाषा का गिरता स्तर चिंताजनक

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में राजनीतिक सरगर्मियां उफान पर है। पक्ष विपक्ष अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कब सिद्धांतों को धत्ता बता दें यह पता ही नहीं चलता। अभिव्यक्ति के नाम पर अनर्गल बयानबाजी ने राजनीति की शुचिता को तार-तार कर दिया है। 'बोल के लब आजाद हैं तेरे' पंक्ति का शोर आजकल राजनीतिक आबोहवा में गुंजित हो रहा है। ऐसे में मालूम तो यही पड़ता कि जब मशहूर शायर फैज अहमद फैज ने इन पंक्तियों को लिखा होगा तो शायद ही कभी ये सोचा होगा कि देश के राजनेता उनकी इस पंक्ति के सहारे शब्दों की सारी मर्यादा लांघ जाएंगे! यूं तो महिलाओं के प्रति की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों के लिए भारतीय लोकतंत्र सदियों से बदनाम रहा है, लेकिन चुनाव आते-आते विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर को अमर्यादित भाषा के वायरस से कलंकित करने में हमारे राजनेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब महिला नेत्री भी इस मुकाबले में पीछे नहीं रही है। बीते दिनों ही कंगना रनौत और ममता बनर्जी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां इसकी ताजा मिसाल हैं, लेकिन महिलाओं पर ऐसे हमले क्यों होते हैं और यह स्थिति कैसे बदलगी? ये कोई नहीं कह सकता। वैसे जब महिला ही महिला को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे तो स्थिति और असहज हो जाती है। बीते दिनों पश्चिम बंगाल से बीजेपी सांसद दिलीप घोष ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी की। यूं तो चुनाव आयोग ने ऐसे बयानों पर चेतावनी देकर इतिश्री कर ली, पर इससे कोई खास फ़र्क नहीं पड़ा तभी तो अभी हाल के दिनों में ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने भी हेमा मालिनी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। अब जरा कोई रणदीप सुरजेवाला को यह बताएगा कि कांग्रेस में भी महिलाएं सांसद-विधायक क्यों बनती हैं? एक पार्टी का जिम्मेदार नेता कैसे अशोभनीय भाषा पर उतारू हो जाता है। यह समझ नहीं आता। विडंबना देखिए कि चुनाव आते ही देश में महिला सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है। आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं, लेकिन महिलाओं के साथ छींटाकशी आधुनिक समाज में भी चरम पर हैं। माना कि चुनाव का दौर चल रहा है और जीतने के लिए मुद्दे गढ़े जाते हैं, लेकिन यह कौन सा तरीका हुआ कि महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जाए। किसी भी महिला के खिलाफ किसी राजनेता को अभद्र टिप्पणी करने का क्या अधिकार है? सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय महिला के साथ शाब्दिक छींटाकशी क्यों? दुःखद तथ्य यह है कि अब तो महिलाएं स्वयं महिलाओं पर अनर्गल प्रलाप कर रही हैं। आज जिस दौर में भारतीय राजनीति में भाषा की गिरावट अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। राजनेताओं के बोल बिगड़ते जा रहे हैं। उन्हें दूसरे राजनीतिक दल के नेताओ को बुरा बोलने में कोई बुराई नजर नही आती है। फिर सवालों की एक लंबी फेहरिस्त उत्पन्न होती है। क्या उसके उत्तर हमारे लोकतांत्रिक पहरुओं के पास है? पहला सवाल अभिव्यक्ति की आज़ादी ये तो नहीं कहती कि आप किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के मान को भंग करें? फिर आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? राजनीति निजी दुश्मनी अदा करने का कोई अखाड़ा भी नहीं। फिर अमर्यादित होने का क्या निहितार्थ? जब संवैधानिक व्यवस्था में राजनीति का जन्म देश को सुचारू रूप से आगे ले जाने के लिए हुआ। फिर मूल उद्देश्य को क्यों बिसार रहे राजनीति के सिपहसालार?

(लेखक सामाजिक विश्लेषक व वूमन एक्टिविस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**दो टूक**
**अवधेश कुमार**

# अपराधियों को नायक न बनाएं

> माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों को मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। जेल में कैदी की मृत्यु की कानून के अनुसार न्यायिक दंडाधिकारी से जांच आवश्यक है और जांच रिपोर्ट आना बाकी है। मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हील चेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आईं थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई हैं। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिलकुल स्वाभाविक है। मानसिक तनाव, दबाव व हताशा में मनुष्य अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। योगी आदित्यनाथ सरकार के कारण बांदा जेल में वह आम सजाप्राप्त कैदी की तरह ही था। कुछ बुद्धिजीवियों, संगठनों, नेताओं, राजनीतिक पार्टियों आदि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के कोई मायने नहीं हैं। प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है।

उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता, जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैर कानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। लगातार उसे सजा मिल रही थी और अंतिम समय तक वह जेल में छटपटाते रहता तो इसका संदेश अन्य माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों के बीच जाता कि ऐसे लोगों के साथ यही होना है। योगी सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। ऐसे लोगों के जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता , सांप्रदायिक दंगा करने



वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं। 2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था, लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे। सैयद शहाबुद्दीन को भी अपराधी होने के बाद ही राजद ने सांसद बना दिया। इनके कारण इन पार्टियों को कुछ क्षेत्रों में मुसलमानों के बड़े वर्ग का वोट भी मिलता था। सांसद और विधायक बनने के बाद इनका अपराध तंत्र ज्यादा फैला और प्रशासन के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई हमेशा कठिन रही। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मुख्तार ने जेल में रहते हुए कराई। अतीक जेल से भी पूरा तंत्र चलाता था और पुलिस की तरह ही उसके पास इंटेरोगेशन से लेकर कैद रखने के ढांचे बने हुए थे। शहाबुद्दीन की भी ऐसी ही स्थिति थी।

अगर उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार नहीं होती तो अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, बाबू बजरंगी जैसों का कानून की गिरफ्त में इस तरह आना, मारा जाना या सजा देना कतई संभव ही नहीं होता। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टियों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी? ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविश्वसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। उप्र में सभी समुदायों के आम आदमी की प्रक्रिया होती है कि हम अब निर्भय होकर सड़कों पर चल सकते हैं, इसलिए बसपा, सपा या कांग्रेस या अन्य पार्टियां अगर मानती है कि ऐसे अपराधियों के पक्ष में खड़ा होकर वे मुस्लिम वोटों से फिर विजय प्राप्त कर सत्ता पा लेंगे तो यह सपना पूरा नहीं होने वाला, पर इस व्यवहार के कारण सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग समाज के नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जीवन में सफलता पाने मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी है?



संकलित
**दर्शन**

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बैसाखी का इतिहास और संदेश

बैसाखी का पर्व हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यह दिन जहां किसानों के लिए अपनी फसल के पकने और काटने की खुशी का दिन होता है, वहीं इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल 1919 को बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है।

**- संतोष मेहता**, जगदलपुर

## ट्रेंड

### गरीब को समर्पित संकल्प पत्र



भाजपा का संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब को समर्पित है। इन्हीं संकल्पों को लेकर मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में अपनों के बीच आकर गर्व महसूस कर रहा हूं। भाजपा का संकल्प पत्र, देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने वाला है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जीवन को खोज लेंगे



एक बार जब आप दुख के डर से आगे निकल जाते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से जीवन को पूरी तरह से खोज लेंगे। दुनिया में प्रभावी कामकाज के लिए ज्ञान मुख्य कारक नहीं है, बल्कि धारणा की स्पष्टता है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**


### दो शब्द गायब



भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं-महंगाई और बेरोज़गारी। जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। इंडी गठबंधन का प्लान बिलकुल स्पष्ट है। 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को 1 लाख की पक्की नौकरी।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### मात देता है




व्यायाम चिकित्सा बिलों को मात देता है। सूरज की रोशनी अवसाद को मात देती है। स्वस्थ भोजन मोटापे को, पैसा बचाना कर्ज से मुक्ति दिलाता है। ज्ञान अज्ञान को हराता है। कृतज्ञता ईर्ष्या को मात देती है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# बाइडन ने ईरान के हमले की निंदा की


अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर विचार विमर्श तथा आगे की कार्रवाई के लिए रविवार को जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की। इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, 'आज तड़के ईरान और यमन, सीरिया तथा इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अप्रत्याशित हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।' बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, 'इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।' बाइडन ने कहा, 'मैंने अभी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इजराइल को अमेरिका के मजबूत समर्थन को दोहराया।'



## ऑफ बीट

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए कला थेरेपी है लाभदायक

उपचार के उद्देश्यों के लिए कला का उपयोग दुनिया भर में प्रथम राष्ट्र के लोगों की प्रथाओं से हजारों साल पुराना है। कला चिकित्सा शारीरिक स्वास्थ्य और भावनात्मक भलाई में सुधार लाने के लिए रचनात्मक प्रक्रियाओं, मुख्य रूप से दृश्य कला जैसे पेंटिंग, ड्राइंग या मूर्तिकला का उपयोग करती है। जब लोग शारीरिक या मानसिक अस्वस्थता का सामना करते हैं, तो उनके अनुभवों को शब्दों में व्यक्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कला चिकित्सक एक चिंतनशील कला-निर्माण प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को जबरदस्त विचारों, भावनाओं और अनुभवों का पता लगाने और संसाधित करने में सहायता करते हैं। यह कला कक्षाओं से अलग है, जो अक्सर कलाकृति के तकनीकी पहलुओं, या अंतिम उत्पाद के सौंदर्यशास्त्र पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कला चिकित्सा का उपयोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के उपचार में सहायता के लिए किया जा सकता है। इसे बेहतर आत्म-जागरूकता, सामाजिक संबंध और भावनात्मक विनियमन सहित लाभों से जोड़ा गया है और इसकी मदद से संकट, चिंता और यहां तक कि दर्द के स्तर को भी कम किया गया है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
HOT AND TECHY
BREZZA
THE CITY-BRED SUV
BREZZA
smart HYBRID
1.5L Advanced K-Series Dual Jet, Dual VVT Petrol Engine with Progressive Smart Hybrid Technology^
Electric Sunroof
Head Up Display
Wireless Charging Dock
360 View Camera
Interior Ambient Lighting
6 Airbags
SmartPlay Pro+ with Surround Sense
BREZZA
E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP
VISHWABHARTI AUTOMOBILES RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
SKY AUTOMOBILES RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. DONGARGARH: CALL: 9827643832. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH: 8839811678.
*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. ^Not available in LXI, VXI MT.

## जैकेट के शेष

### आस्था का सैलाब...

संख्या में माता के दरबार में उनका दर्शन करने मंदिर पहुंचते है, लेकिन कोई व्यक्ति किसी तरह का गलत कार्य या शराब का सेवन करके मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश करता है तो उसे माता के क्रोध का सामना करना पड़ता है। उस व्यक्ति को मधुमक्खियों का कोप झेलना पड़ता है और उससे वह मंदिर में नहीं जा पाता है।

### 5 साल मुफ्त...

भाजपा के संकल्प पत्र की प्रतीक्षा करता है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में अपने संकल्प पत्र के हर बिन्दु को गारंटी के रूप में धरातल पर उतारा है और घोषणा पत्र की शुचिता को पुनः स्थापित किया है। यह संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ (ज्ञान) गरीब, युवा शक्ति, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त करता है। भाजपा सरकार का ध्यान डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ और निवेश से नौकरी पर भी है। इस संकल्प पत्र में क्वालिटी ऑफ ऑपर्चुनिटी और क्वालिटी ऑफ ऑपर्चुनिटी दोनों पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम में मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भाजपा मेनिफेस्टो कमिटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय वित्त मंत्री एवं भाजपा मेनिफेस्टो कमिटी की संयोजक निर्मला सीतारमण भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

### हमारा 'संकल्प पत्र' संविधान...

वादा किया है, वह पूरा किया जा रहा है। हमारी सरकार मोदीजी की एक-एक गारंटी को पूरा करने में लगी है। केंद्र में फिर से एक बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर भारत विश्व में आर्थिक रूप से तीसरी शक्ति बन जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साय ने भाजपा के घोषणापत्र, जिसे भाजपा ने संकल्प पत्र का नाम दिया है, उसको लेकर विस्तार से जानकारी दी। श्री साय ने कहा कि वास्तव में यह घोषणा पत्र भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, विश्वास बहाली का, भारत के भविष्य का एक सुनहरा रोडमैप है। मेरा यह सौभाग्य है कि इस संकल्प पत्र में मुझे भी सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदान किया है।

**भविष्य का निर्माण करने वाला घोषणापत्र** : श्री साय ने कहा, 2014 और 2019 का हमारा संकल्पपत्र हमारा ऐसा विजन डॉक्यूमेंट था, जिस पर लोगों को सहज विश्वास नहीं होता था, लेकिन पिछले दस वर्ष ने यह साबित किया है कि भाजपा अपना द्वारा घोषित घोषणापत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है। श्री मोदी द्वारा जारी भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024 पर उन्होंने कहा, 2024 का यह घोषणापत्र 24 बिंदुओं पर आधारित है। कुल 76 पेज का यह घोषणापत्र आजादी के 75 वर्ष के बाद के आधुनिक भारत के भविष्य का निर्माण करने वाला घोषणापत्र है। इसमें 24 स्तंभों में से 10 सामाजिक और 14 आर्थिक स्तंभ है। जैसा कि हमने मोदी गारंटी में करके दिखाया है और जिस तरह पिछले दस वर्षों में श्री मोदी ने किया है, वह विश्वास की बहाली का एक नया अध्याय है। यह युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

**भारत बनेगा विश्व में तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत** : श्री साय ने कहा कि 2004 में भारत विश्व में आर्थिक रूप से 11वें स्थान पर था और कांग्रेस के दस वर्ष के शासन में भी वहीं का वहीं टिका रहा। जबकि नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के सेवाकाल में हम 11 से 5 वें स्थान पर आ गए हैं। अगले टर्म में भारत विश्व में तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा।

### भाजपा का संकल्प पत्र...

पास है। यह घोषणा पत्र निराशाजनक है, जिसमें भाजपा ने सिर्फ और सिर्फ अपने फायदे के लिए जनता को संकल्प के नाम पर छलावा दिखाकर बरगलाने का काम किया है। किसानों के लिए आज तक एमएसपी लागू नहीं कर पाए। भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है जिसे पिछले 10 साल से जनता देख रही है। 10 साल में केंद्र की बीजेपी सरकार कुछ खास नहीं कर पाई और अब 2047 के सपने दिखाकर देश का संविधान व लोकतंत्र को मनमाने ढंग से तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश में लगे हैं। देश की जनता अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली।

### दरवाजे पर कुंडी, सो...

एसपी, एसडीएम, फोरेंसिक व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। मैनपाट विकासखंड के बरिमा पकरी पारा निवासी देवप्रसाद मांझी पत्नी सुखनी, 13 वर्षीय बेटी खुशबू, 8 वर्षीय गुलाबी, 6 वर्षीय सुषमा और 3 वर्षीय रामप्रसाद के साथ रहता था। पिता कुछ दिनों पहले कमाने के लिए महाराष्ट्र के पुणे गया हुआ था और मां बच्चों के साथ अकेली रहती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात सभी बच्चे घर पर खाना खाकर सो गए थे जिसके बाद महिला सुखनी रात 9 बजे घर में बाहर से कुंडी लगाकर मोहल्ले में किसी दूसरे व्यक्ति के घर खाने चली गई थी। इस बीच ही घर में आग लग गई। रात लगभग ढाई बजे जब महिला वापस लौटी तो उसका घर जल रहा था और लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई और जब तक पुलिस की टीम मौके पर पहुंचती आग से घर जलकर खाक हो गया था। आज सुबह जब घर की आग बुझने पर लोग अंदर पहुंचे तो घर के एक कोने में तीन मासूम बच्चों के जले हुए शव मिले। इस घटना में गुलाबी, सुषमा व राम प्रसाद की मौत हो गई थी।

**सहेली के यहां सोई थी बड़ी बेटी** : बताया जा रहा है कि महिला की सबसे बड़ी बेटी खुशबू बकरी चराने का काम करती है और अक्सर वो अपनी सहेली के साथ ही सो जाती है। बीती रात भी खुशबू सहेली के घर सोने चली गई थी इसलिए उसकी जान बच गई। अगर बच्ची घर पर होती तो निश्चित रूप से उसकी भी मौत हो जाती।

**घर के अंदर से ही लगी आग** : आग की घटना के बाद फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची थी। अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन अंदाजा लगाया का रहा है कि घर अंदर ही चूल्हे या किसी चीज में आग जल रही थी। महिला के घर में अंदर से छप्पर में पुआल भी भरा हुआ है ऐसे में संभावना यही जताई जा रही है कि आग लगने के बाद पुआल में आग तेजी से फैली। थाना प्रभारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को बाहर से आग लगाने या शार्ट सर्किट के भी कोई संकेत नही मिले हैं। इसके साथ ही आग रात डेढ़ से दो बजे लगी है क्यों कि लगभग 1 बजे तक पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी उस क्षेत्र से होकर गुजरी थी और आग लगी होती तो दूर से ही नजर आ जाता।

**छप्पर गिरने की आवाज पर पहुंचे ग्रामीण** : पुलिस की जांच में अब तक जो बात सामने आई है उसके मुताबिक आग लगने के बाद घर पूरी तरह से जल गया और किसी को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। घर के अंदर छप्पर में लगी आग के कारण जब लकड़ी जलकर टूट गई तो तेज आवाज के साथ घर का छप्पर गिर गया। ऐसे में आवाज सुनकर ग्रामीण ये सोचे कि गांव में हाथी पहुंच गया है लेकिन जब लोग बाहर निकले तो घर में आग लगी हुई थी।

### पुलिस से बचने फरार...

आत्महत्या कर ली थी। उनके पास से एक पेज का सुसाइड नोट मिला। इससे पुलिस को पता चला कि मृतक की शनिचरी रपटा चौक के पास 1250 डिस्मिल जमीन है। उसके बगल में राहुल ध्रुव नामक व्यक्ति की जमीन है। कांग्रेस नेता तैय्यब हुसैन, अकबर खान ने उससे जमीन खरीदकर रजिस्ट्री करा ली और गलत सीमांकन कराकर उनकी जमीन व दुकान को अपना बताने लगे, वे दुकान व जमीन खाली करने के लिए उन्हें दो माह से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इससे त्रस्त होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने जनवरी 2024 में अकबर खान व तयैब हुसैन के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत अपराध कायम कर लिया था। घटना के बाद से दोनों फरार थे। रविवार को सरण्कडा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहूजा को सूचना मिली कि आरोपी अकबर खान अपने देवनंदन नगर फेस 2 स्थित घर आया हुआ है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर डीएसपी श्री साहू एसआई देवेश संडे, मनोज बघेल, इमरान, कमलेश सूर्यवंशी ने देवनंदन नगर फेस 2 में उसके घर में दबिश दी। घर के सामने अकबर खान का भाई बैठा था। उन्होंने घर में अकबर खान के नहीं होने की बात कही। पुलिस ने घर की तलाशी लेने कहा तो उसके भाईयों ने कहा घर की महिलाएं बुर्का पहनकर रहती हैं, उन्हें परेशान नहीं किया जाए। उसके बाद पुलिस ने घर की तलाशी ली तो एक कमरे में महिलाएं बुर्का पहनकर बैठी हुई थीं। सभी को बाहर निकाला गया तो अकबर खान भी बुर्का पहनकर बाहर निकला। पुलिसकर्मियों ने उसे पहचान लिया और पकड़कर थाने ले गए। उसके बाद उसे उक्त मामले में गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**हथकड़ी लगाने पर हंगामा करने की दी धमकी** : बुर्का के साथ पकड़े जाने पर आरोपी अकबर खान ने पुलिसकर्मियों को हथकड़ी नहीं लगाने की बात कही। हथकड़ी लगाकर थाने जाने पर उसने हंगामा मचाने की धमकी दी। उसके बाद पुलिस ने उसे बिना हथकड़ी लगाए थाने लेकर गई। भूमाफिया कांग्रेस नेता अकबर खान की गिरफ्तारी की खबर शहर में तेजी से फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में उसके समर्थक युवा थाने पहुंच गए।

## ऐतिहासिक काली मंदिर में अर्चना



कोलकाता। प. बंगाल में रविवार को बंगाली नव वर्ष, पोइला बैशाख के अवसर पर दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा करने के लिए भक्त कतार में खड़े हैं।

## पेज एक के शेष

### शाह बोले- जब तक...

हुआ था। भूपेश बघेल ने महादेव के नाम पर भी घोटाला कर दिया, उनको आज पूरा देश महादेव सट्टा एप के नाम से जानता है। उन्होंने सवाल पूछते कहा कि मैं भूपेश से पूछना चाहता हूं कि 75 साल तक राज करने वाली कांग्रेस ने कभी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ओडिशा की बेटी आदिवासी वर्ग से आने वाली द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया। सोनिया-मनमोहन की सरकार ने छत्तीसगढ़ को 10 साल में सिर्फ 77 हजार करोड़ दिया था। पीएम मोदी ने 3.20 लाख करोड़ देने का काम किया। शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी सरकार के दौरान भूपेश ने पीएससी, कोल, वर्मी कम्पोस्ट, शराब, गोबर जैसे घोटाले किए। गृहमंत्री ने कहा कि इतना भ्रष्टाचार कर भी भूपेश बघेल का पेट नहीं भरा है। छग की जनता ने उन्हें विस चुनाव में हराया, अब की बार उससे भी बड़े अंतर से उन्हें हराकर घर बैठाए।

### कहा-महादेव सट्टा ऐप को...

गिरफ्तारी तो दूर की बात, केंद्र सरकार ने महादेव ऐप को बंद तक नहीं करवाया। उन्होंने पूछा कि क्या वजह है कि महादेव सट्टा ऐप अभी भी बिना रोक-टोक चल रहा है तो भाजपा ने उनसे कितना चंदा लिया है? उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से भाजपा लड़ नहीं पा रही है तो बेवजह आरोप लगाकर कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रच रही है।

### सलमान के घर के बाहर ...

अपार्टमेंट्स' के बाहर सुबह करीब पांच बजे दो व्यक्तियों ने चार गोलियां चलाईं और भाग गए। इसी इमारत में अभिनेता सलमान खान रहते हैं। खान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस आरोपियों की पहचान करने के लिए उनके घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सबूत इकट्ठा करने के लिए स्थानीय पुलिस, अपराध शाखा और फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की एक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इसे लेकर पुलिस और खान के परिवार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता के दफ्तर को एक ई-मेल भेजकर खान को धमकी दी गई थी जिसके बाद मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी समेत अन्य धाराओं में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी प्रशांत गुंजालकर द्वारा बांद्रा पुलिस को दी गई एक शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार गुंजालकर अक्सर खान के बांद्रा स्थित आवास पर जाते हैं और एक कलाकार प्रबंधन कंपनी चलाते हैं।

**पहले भी मिल चुकी धमकी** : सलमान खान को इससे पहले भी बिश्नोई गैंग से धमकी मिल चुकी है। पिछले साल एक्टर को ईमेल के जरिए बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली थी। धमकी के बाद पुलिस ने इस मामले में गस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की थी। इसके बाद एक्टर की सुरक्षा को भी बढ़ा दिया गया था। वहीं, सलमान ने बुलेट प्रूफ कार भी खरीदी थी। गौरतलब है कि सलमान खान ने 'हम साथ साथ हैं' की शूटिंग के दौरान काला हिरण का शिकार किया था, जिसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। इसी के बाद से बिश्नोई समाज उनसे नाराज है। एक्टर से बिश्नोई गैंग ने कहा था कि अगर वो उनके कुल देवता के मंदिर में आकर माफी मांग लेंगे तो सब खत्म हो जाएगा।

### कहा-महादेव सट्टा ऐप को चालू...

गिरफ्तारी तो दूर की बात, केंद्र सरकार ने महादेव ऐप को बंद तक नहीं करवाया। उन्होंने पूछा कि क्या वजह है कि महादेव सट्टा ऐप अभी भी बिना रोक-टोक चल रहा है तो भाजपा ने उनसे कितना चंदा लिया है? उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से भाजपा लड़ नहीं पा रही है तो बेवजह आरोप लगाकर कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रच रही है।

**इजराइल का पावर इंडेक्स 0.2596 जबकि ईरान का है 0.2269**

# ईरान या इजराइल में ज्यादा ताकतवर कौन? जंग में कौन पड़ेगा किस पर भारी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में इजराइल-हमास युद्ध के चलते पहले ही तनाव की स्थिति थी और अब नया तनाव इजराइल और ईरान के बीच पैदा हो गया है। ईरान ने ड्रोन और मिसाइलों से कई ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इसके चलते अब जल्द ही इजराइल भी ईरान पर हमला बोल सकता है, जिसके चलते एक पूरा मिडिल ईस्ट तबाही की कगार पर पहुंच सकता है। अब अगर दोनों देशों के बीच युद्ध होता है तो मिडिल के अन्य देश भी इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। विभिन्न देशों की सैन्य क्षमताओं की जानकारी देने वाली वेबसाइट ग्लोबलफायरपावरडॉटकॉम से ईरान और इजराइल दोनों ही असल सैन्य क्षमता का पता चलता है। इजराइल का पावर इंडेक्स 0.2596 है, जबकि ईरान का 0.2269 है।

### कहां खड़े हैं इजराइल और ईरान

इजराइल की ताकत का अंदाजा अपनी सैन्य ताकत के आधार पर वह 145 देशों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर है, जबकि ईरान 14वें स्थान पर है। इजराइल की आबादी कुल 9,043,900 है। यहां 170,000 सक्रिय सैनिक और 465,000 आरक्षित सैनिक हैं। दूसरी तरफ ईरान की आबादी 79,050,000 है। ईरान में 610,000 सक्रिय सैन्यकर्मी और 350,000 आरक्षित सैन्यकर्मी हैं, ये सभी जरूरत पड़ने पर युद्ध में उतर सकते हैं।

### हमास के साथ भी जारी है

इजराइल का युद्ध

दोनों ही देशों की थल सेना की बात करें तो ईरान के पास कुल 1996 टैंक हैं, जिनमें से 1397 इस समय जंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दूसरी ओर इजराइल की के पास 1370 टैंक हैं और वह भी तुरंत ही 1096 टैंक्स का इस्तेमाल कर सकता है। ईरान के पास कुल 65,765 सैन्य वाहन हैं, जिनमें से 46 हजार से ज्यादा एक्टिव हैं। इजराइल के पास 43,407 सैन्य वाहन हैं, जिनमें से 34,736 एक्टिव मोड में हैं। अहम बात यह है कि इजराइल पहले ही हमास के साथ भीषण युद्ध झेल रहा है। ईरान के पास करीब सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलरी के लिहाज से 580 हैं जिनमें से 406 एक्टिव सर्विस में हैं। दूसरी ओर इजराइल के पास 650 सेल्फ-प्रोपेल्ड आर्टिलरी है। अगर पुलिंग आर्टलरी की बात करें तो ईरान के पास 2050 और इजराइल के पास सिर्फ 300 ही है।

### किसमें ज्यादा है हवाई ताकत?

दोनों मुल्कों की हवाई ताकत की बात करें तो ईरान की वायुसेना के पास 551 एयरक्राफ्ट रिजर्व में रखे हुए हैं, जबकि, 358 एक्टिव हैं। इसी तरह इजरायली गुट के पास 612 रिजर्व और 490 एक्टिव एयरक्राफ्ट हैं। फाइटर जेट्क के मामले में ईरान के पास 186 हैं जिनमें से 121 हमले के लिए रैडी रहते हैं। दूसरी ओर इजराइल के पास 241 हैं, जिनमें से 193 हमला करने के लिए रैडी रहते हैं। जानकारी के मुताबिक ईरान के पास 86 ट्रांसपोर्ट विमान हैं। वहीं इजराइल के पास 12 हैं। ईरान के पास 102 ट्रेनर्स हैं, इजराइल के पास 155 ट्रेनर्स एयरक्राफ्ट हैं। ईरान के पास 129 हेलिकॉप्टर्स हैं। इजराइल के पास 146 हेलिकॉप्टर्स हैं। ईरान के पास 13 और इजराइल के पास 48 अटैक हेलीकॉप्टर भी हैं।

**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039 ई-मेल: info@skfin.in
**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**
सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **भिलाई शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
**पुराना पता**- प्लॉट नं. 14, ब्लॉक नं.-21, पहली मंजिल, शारदा मोटर्स के ऊपर, जीई रोड के सामने, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग-490023 (छत्तीसगढ़)
**नया पता** - ब्लॉक नं. 02, प्लॉट नं. 01, 02, 03, 04, 05, 07, 08, 09, 11 ब्लॉक बी, दूसरी मंजिल, मौजे सुपेला, विश्वकर्मा मार्केट, भिलाई,राधिका नगर,वार्ड नं. 4, तहसील व जिला, दुर्ग- 490023 (छत्तीसगढ़)
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।

### कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के वैंकूवर शहर में 24 वर्षीय भारतीय युवक की उसकी कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए 2022 में कनाडा गया था। वैंकूवर पुलिस विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्थानीय निवासियों द्वारा गोलियों की आवाज सुनने के बाद 12 अप्रैल को रात करीब 11 बजे अधिकारियों को सूचित किया गया। चिराग आंतिल इलाके में अपनी कार के अंदर मृत पाये गये। उसने कहा कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि यह घटना बैसाखी त्योहार के मद्देनजर उत्सव स्थल के लिए जाने वाले एक मार्ग पर हुई। वहीं, कनाडा पुलिस से इस संबंध में ई-मेल प्राप्त होने के बाद मृतक चिराग आंतिल के परिवार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से न्याय की गुहार लगाते हुए शव को जल्द से जल्द भारत लाने में मदद की अपील की है।

फार्मेट सी-2

(राजनैतिक दलों के लिये वेबसाईट, समाचार पत्रों / टी वी में प्रकाशन हेतु )

**दल द्वारा खड़े किये गये अभ्यर्थियों के अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फांउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य ) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार )

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024
राज्य / संघ शासित क्षेत्र का नाम : छत्तीसगढ़

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित अपराधिक मामले | | (ख) अपराधिक मामलों के लिये दोषसिद्वि के विषय के संबध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामला (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (धों) की तारीख (तारीखें) | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (तारीखें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
| 1 | बस्तर-10 | कवासी लखमा | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

**नोटः– मेरे विरुद्ध दिनांक 26.03.2024 तक जानकारी अनुसार निम्न अपराध पंजीबद्ध :**
1. थाना राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो / एंटी करप्शन ब्यूरो, रायपुर अपराध क्रमांक 04/2024, धारा 7 एवं 12 भ्रष्टाचार निवारण अधि. 1988 संशोधित 2018 व धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भा.द.वि. पंजीबद्ध है।
2. थाना कोतवाली, जगदलपुर में अपराध क्रमांक 155 / 2024, धारा 171बी, 171ग, 171ई, एवं 188 भा.द.वि. तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 पंजीबद्ध है ।
3. यह कि उक्त अपराध में मेरे विरुद्ध संबंधित एजेंसी द्वारा कोई गिरफ्तारी नहीं किया गया है और न ही अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है ।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**मीन** कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

# कोई भी कार्य योजना के अनुरूप होना चाहिए : स्वामी गोविंद देव गिरि

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्व विद्यालय में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज कथा के छठे दिनस्वामी गोविंद देव गिरी ने कहा कि अनुशासन का पालन करने वाले थोड़े से लोग भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तो बड़े कार्य को सिद्ध कर सकते हैं। समय की प्रतीक्षा करना आना चाहिए, कोई भी कार्य उत्तेजना में नहीं योजना के अनुरूप होना चाहिए। मुट्ठी भर अंग्रेजों ने भारत आकर 150 सालों तक राज किया, इसका मुख्य कारण योजना और अनुशासन था। शिवाजी महाराज की कथा से संबंध में स्वामीजी ने कहा, इस कथा में सारा इतिहास विश्वासघात का है। ऐसे कई प्रसंग हैं, जिनमें पराक्रम, वीरता, साहस के साथ-साथ छल, धोखा व विश्वासघात दिखाई पड़ता है।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि जब हम सनातन धर्म के संरक्षक, उद्घाता, उसके प्रणेता और राष्ट्र जागरण के पुरोधा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को देखते हैं तो एक महान व्यक्तित्व हमारी आंखों के सामने आ जाता है। शिवाजी के जन्म, हिंदू साम्राज्य के उनके दृढ़ निश्चय और यवनों, मुगलों व क्रूर अत्याचारियों के संहार की कथा सबके हृदय को बहुत प्रकार से प्रेरित करने वाली है।

### शब्द पहेली - 5482



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार,जेल-4
8. पानी,नीर-2
9. मीन,मत्स्य-3
10. लक्ष्मी,कमला-2
11. कलाकार,फनकार-4
12. मर्द,मादा का विलोम-2
14. हसरत,मुराद-4
15. कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17. भूमि,धरती-3
19. मतवासा,मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना,भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप,सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर,अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र,बेटा-3
39. टौंटी,नलका-2
40. ललचाना,तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर,अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी,कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर,थाती-4
13. मिट्टी,धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़,द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट,मेल-मिलाप-4
30. दिया,दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया,नवीन-2

**शब्द पहेली - 5481 का हल**



### सूडोकु नवताल - 5493

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5492 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



# रजनीकांत के साथ काम करेंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रजनीकांत ,लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनने वाली फिल्म थलाइवी 171 में काम करेंगे। इस फिल्म में रजनीकांत सोने की तस्करी करने वाले गैंगस्टर की भूमिका में होंगे। चर्चा है कि रणवीर सिंह भी इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिये रणवीर सिंह से संपर्क किया गया है। यदि सब कुछ सही रहा तो रणवीर सिंह पहली बार रजनीकांत के साथ काम करेंगे।

लाइफ Style

# जाह्नवी कपूर

## 'उलझ' से दर्शकों को बनाएंगी मुरीद

जाह्नवी कपूर आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। अब जाह्नवी की फिल्म 'उलझ' की रिलीज तारीख से भी पर्दा हट चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस थ्रिलर फिल्म की शूटिंग बीते साल सितंबर में पूरी हुई थी और निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख 5 जुलाई तय की है। फिल्म में जाह्नवी को गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू का साथ मिला है। चर्चा है कि यह देशभक्ति पर आधारित होगी, वहीं जाह्नवी इसमें जान्हवी एक भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग लंदन में हुई है।

कुछ समय पहले फिल्म से जान्हवी की पहली झलक सामने आई थी, जिसमें वह साड़ी में काफी शानदार लग रही थीं। इसकी कहानी एक ऐसे देशभक्त परिवार की है, जो खतरनाक साजिश में उलझ जाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया के निर्देशन में बन रही 'उलझ' को लेकर खुद जाह्नवी भी बेहद उत्साहित हैं। जाह्नवी कहती हैं, मैंने इस अनुभव के जरिए बहुत कुछ सीखा है। फिल्म में शामिल हर व्यक्ति ने इस पर अपनी जी-जान लगा दी, जिन्हें देख मुझे बड़ी प्रेरणा मिलती है। यह देखना आश्चर्यजनक था कि हर कोई कितना भावुक था और कितना ऊर्जावान था। सब कुछ बड़ा मजेदार था।




हॉलीवुड मसाला



# कोरियाई गायक पार्क बो-रैम का निधन

लॉस एंजिलस। कोरियन सिनेमा की पॉप गायिका पार्क बो-रैम का निधन हो गया है। उन्होंने महज 30 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब पार्क का निधन हुआ, उस वक्त वह अपनी एक दोस्त के घर पार्टी कर रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह पार्टी के बीच में बाथरूम गईं, लेकिन बहुत देर तक वापस नहीं लौटीं। एक दोस्त ने जाकर देखा तो वह बेहोश मिलीं, जिसके बाद उन्हें तुरंत हन्यांग यूनिवर्सिटी गुरी अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



# इजराइली अभिनेता ने गाया 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाना

**लॉस एंजिलस।** इजराइली अभिनेता त्साही हलेवी का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में त्याही को शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का सुपरहिट गाना 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो पर प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं। त्साही को 2013 में आई फिल्म 'बेतलेहेम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। वह अब तक 'डोमिनोज स्ट्रीट', 'माई नेम इज क्लेयर', 'मोसाद' और 'द एंजल' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। ये फिल्म बीते साल 2023 में 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की खूब सराहना मिली थी। त्साही ने फिल्म में बेहद अहम किरदार निभाया था। त्साही ने इस गाने को गाकर लोगों का दिल छू लिया है।



# पायल कपाड़िया की 'ऑल वी... लाइट' का चयन

**मुंबई।** पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गत दिवस इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की गई। कान्स फिल्म फेस्टिवल के सर्वोच्च सम्मान 'पाल्मे डी'ओर' की रेस में आखिरी भारतीय फिल्म 1983 में आई मृणाल सेन की 'खारिज' थी। बता दें कि 30 साल बाद इस फेस्टिवल के लिए किसी भारतीय फिल्म को चुना गया है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 14 से 25 मई तक होगा। नर्स के जीवन पर आधारित है कहानी 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की कहानी एक नर्स की कहानी है, जिसका नाम प्रभा है। उसे लंबे समय से अलग रह रहे अपने पति से एक चौंका देने वाला उपहार मिलता है, जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।



# विधु विनोद चोपड़ा ने किया नई फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म '12वीं फेल' 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा की जिंदगी पर बनी इस फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आए। अब विनोद ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'जीरो से रीस्टार्ट' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का कलेन्शन फिल्म '12वीं फेल' से होगा। चर्चा है कि 'जीरो से रीस्टार्ट' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें, 'जीरो से रीस्टार्ट' को रिलीज हुए 25 सप्ताह बीत चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विनोद अपनी आगामी फिल्म 'जीरो से रीस्टार्ट' में '12वीं फेल' बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे।

# 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' का नहीं होगा आमना-सामना

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को 'सिंघम अगेन' के लिए लंबा इंतजार करना होगा। नई खबर के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' के बीच कोई टकराव नहीं होगा।



फिल्म दिवाली में होगी रिलीज : एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब 'सिंघम अगेन' का 'पुष्पा 2' से टकराव नहीं होगा। फिलहाल फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।

## बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है 'सिंघम अगेन'



'सिंघम अगेन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी। रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म 'सिंघम' से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की 'सिंघम रिटर्न्स', 2018 में रणवीर की 'सिम्बा' और 2020 में अक्षय कुमार की 'सूर्यवंशी' के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।

# अल्लू अर्जुन ने जथारा अवतार में साड़ी पहनकर मचाया धमाल

**मुंबई।** 'पुष्पा द राइज' से धमाल मचाने के बाद दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट 'पुष्पा 2 द रूल' का बेसब्री से इंतजार है। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दे दिया है और 'पुष्पा 2' की झलक रिलीज हो चुकी है। फिल्म का टीजर सामने आ चुका है जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फिल्म का टीजर 1 मिनट 8 सेकंड का है, जिसमें विजुअल, कलर्स और बैकग्राउंड कमाल का है। बता दें कि यह हिंदू आदिवासी देवियों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है।



## पैरों में घुंघरू, कान में झुमके, हाथ में त्रिशूल

टीजर वीडियो में अल्लू अर्जुन का अवतार बहुत ही शानदार दिखाई दे रहा है। उन्होंने अपने पैरों में घुंघरू, कान में झुमके आंखों में काजल लगाया हुआ है। साड़ी पहने हुए वह हाथों में त्रिशूल लेकर दुश्मनों से लड़ाई कर रहे हैं। हमेशा की तरह इस बार भी वह अकेले ही सब पर भारी पड़ रहे हैं। उनके दमदार एक्शन को देखकर फैंस हैरान हो गए हैं।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
नकली माल से सावधान

# एक ही नाम से बनीं ये फिल्में कोई हिट हुईं तो कोई फ्लॉप

*मुंबई। बॉलीवुड में हर साल तमाम फिल्में बनती हैं। कुछ के नाम बड़े दिलचस्प होते हैं तो कुछ ऐसी होती हैं, जिनके नाम पुरानी फिल्मों से मेल खाते हैं। दरअसल, इन दिनों अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' बड़ी चर्चा में है। इसी नाम की एक फिल्म 1998 में रिलीज हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और गोविंदा मुख्य भूमिका में थे। आज हम जानेंगे उन फिल्मों के बारे में, जिनके नाम एक जैसे हैं।*



## 'कुली नंबर 1'

सबसे पहले बात करते हैं फिल्म 'कुली नंबर वन' की। 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की फिल्म 'कुली नंबर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। उधर 2020 में आई वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म 'कुली नंबर 1', लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखी जा सकती है।



## 'बागी'

टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'बागी' का नाम तो आपने सुना ही होगा। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स, जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर है। 1990 में भी इसी नाम पर एक फिल्म बन चुकी है। उस फिल्म में सलमान खान और नगमा ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का निर्देशन दीपक शिवदसानी ने किया था।



**'जंजीर'**: सन् 1973 में रिलीज हुई महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म के जरिए बिग बी इंडस्ट्री में सुपरस्टार के रूप में उभरे थे। दूसरी ओर साल 2013 में इस फिल्म का रीमेक बना, जिसमें मुख्य किरदार साउथ सुपरस्टार राम चरण ने निभाया था और फिल्म की हीरोइन प्रियंका चोपड़ा थीं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई थी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
(राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित)
विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## चुनाव के बीच चार्टर्ड विमान हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के लिए राजनेता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि देशभर में भ्रमण कर रहे हैं, जिससे चार्टर्ड विमान और हेलिकॉप्टर की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे निजी विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद है। एक विमान के लिए शुल्क लगभग 4.5 - 5.25 लाख रुपये और दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए लगभग 1.5- 1.7 लाख रुपये है। जहां सामान्य समय और पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग बढ़ी है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 2.98 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.98 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर हो गया था जो उस समय तक का सर्वकालिक उच्च स्तर था।

### बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले व अन्य वित्तीय धोखाधड़ी पर लगे रोक

# धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की अधिक जांच-परख चाहता है वित्त मंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा।

- बैंक व वित्तीय संस्था केवाईसी की प्रकिया व जांच और बढ़ाए
- ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में गहन जांच परख की जाए
- बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर डेटा की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत

### हॉटस्पॉट की पूरी तरह जांच की जानी चाहिए

सूत्रों ने कहा कि दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए।

### आरबीआई डिजिटा पर विचार कर रहा

बढ़ती साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों के तहत रिजर्व बैंक अवैध ऋण देने वाले ऐप की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए एक डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डिजिटा) स्थापित करने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित एजेंसी डिजिटल ऋण देने वाले ऐप के सत्यापन में मदद करेगी और सत्यापित ऐप का एक सार्वजनिक रजिस्टर बना।







### साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना



साइबर अपराध से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के तंत्र को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के माध्यम से देश में 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' की स्थापना की है।

### धोखाधड़ी को रोकने एटीएम ब्लॉक किया जाए




इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

### वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के 1128265 मामले सामने आए

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2023 के दौरान वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के 11,28,265 मामले सामने आए। इन मामलों में कुल 7,488.63 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

## एलआईसी को अदाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 फीसदी का लाभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अदाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अदाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अदाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अदाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था।




- हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद समूह के प्रभावित शेयरों ने जोरदार वापसी की
- समूह की सात कंपनियों में एलआईसी ने 38471 करोड़ किए थे निवेश

### अदाणी ग्रीन में निवेश दोगुना हुआ

अदाणी एंटरप्राइज लिमिटेड में एलआईसी का निवेश 31 मार्च, 2023 को 8,495.31 करोड़ रुपये से बढ़कर एक साल बाद 14,305.53 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड में निवेश 12,450.09 करोड़ रुपये से बढ़कर 22,776.89 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में एलआईसी का निवेश एक साल में दोगुना से अधिक होकर 3,937.62 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

---


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल




## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, वेतन 12000 से 19000 तक (PF+ ESI+Bonus+ रहना फ्री) मेस की सुविधा 8वीं से स्नातक वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को संपर्क करें:- शिव सिक्योरिटी सर्विस, शॉप नंबर 28, प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल 07714036689, 8120957510, 9770304037.(RO-1186)

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645. (RO-2658)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता। जिनके पास टू व्हीलर चलाने का लाइसेंस हो गुढ़ियारी के आस पास वालो को प्राथमिकता संपर्क करें 9425517126. (RO-meeth)

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन। संपर्क - समय 12 से 7 बजे। पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर। (RO-19)

**आवश्यकता है-** कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आवश्यकता है संपर्क करें भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330. (RO-R)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** बिरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन-7, सेल्सगर्ल-3, कम्प्यूटर ऑपरेटर-1, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य, वेतन 6000- 20000/- +कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता, बिरदीचंद मानकलाल कंकालीपारा संपर्क समय 10.30 -9.30, मो. 9340477419, 9425522577.(RO-2654)

**आवश्यकता है-** सेल्समैन-2 पद योग्यता (12th न्यूनतम), रिसेप्शनिस्ट/ सेल्सगर्ल-1पद (12th न्यूनतम), मैकेनिक/हेल्पर- 2पद (8th न्यूनतम) सेल्समैन हेतु स्वयं का मोटरसाइकिल होना अनिवार्य है वेतन योग्यता अनुसार। संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें अग्रवाल फ्यूल्स (अपे ऑटो शोरूम) शासकीय ब्वॉयज स्कूल के सामने, बिलाई माता मंदिर चौक धमतरी छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 6264467558. (RO-1188)

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, सम्पर्क: निर्मल सेल्स, नवीन बीज भंडार के सामने, अमरदीप टाकीज रोड, बांसटाल, रायपुर, मो. 9300659227.(RO-7468)

### फर्नीचर शोरूम

**आवश्यकता है-** महंत फर्नीचर शोरूम में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है, कृपया संपर्क करें धन्यवाद। पता:- महंत फर्नीचर पंडरी रायपुर HDFC बैंक के सामने मोबाइल:- 98262 43376, 9575254649. (RO-1191)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम मे कार्य हेतु प्रशिक्षित अप्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, जीएनएम एवं आया की आवश्यकता है। संपर्क करें समय 10 से 5 तक केजीएन नर्सिंग होम फव्वारा चौक बैरनबाजार रायपुर 9425502209, 9893042209 (RO-1194)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लिनिक के लिए डेंटल असिस्टेंट की आवश्यकता है - वेतन 8000. CFI डेंटल क्लिनिक, पंडरी। Mob. 9926099747. (RO-1190)

### टेक्निशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 6 सर्विस टेक्निशियन 2 telly caller 2 [ anubhav avashyak nahi] संपर्क करें दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461. (RO-8261)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य करने हेतु कम से कम 5 वर्ष अनुभवी वाला परिवार पति पत्नी (जिनके बच्चे साथ में न रहते हों) या अकेले की आवश्यकता है। संपर्क करें: 8448107841, 9302708426 (RO-3960)

**आवश्यकता है-** नेहरू नगर भिलाई में गृह कार्य के लिए एक महिला उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच रहने वह खाना मुफ्त वेतन योग्यतानुसार। संपर्क:- अमर , मो. न.- 93290-09697.(आरो न.-451)

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य करने हेतु महिला केयरटेकर फुल टाइम की आवश्यकता है आकर्षक वेतन। संपर्क करें:- मो.- 9425242403. (RO-6066)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490. (RO-1189)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

**आवश्यकता है-** कुत्तों के अस्पताल में काम करने के लिए लड़कों की जरूरत है। घर का खाना और रहने की सुविधा मोबाइल 7470344007. चांदखुरी रायपुर (छत्तीसगढ़) (RO-7468)

### रिसेप्शन/थेरेपीस्ट

**आवश्यकता है-** श्री आयुर्वेद हॉस्पिटल अवन्ती विहार रायपुर रायपुर मे रिसेप्शन- 2पद (लड़की/ महिला) पचंकर्म थेरेपीस्ट 2-2 महिला/ पुरुष (नए लोगों को सिखाया जाएगा) मेडिकल स्टोर-2 पुरुष, बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 9244285060 (RC/2812)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** हेल्पर लड़को की आवश्यकता है पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु ,रूम और बिजली सुविधा दी जाएगी ,पता बंजारी मंदिर के पास रावभाठा रायपुर संपर्क 7828735534 (RO-1196)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र में काम के लिये आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर, एवं अस्पताल में काम की हुई लड़कियो की। बायोडाटा के साथ मिले, रहने का सुविधा उपलब्ध, समय- दोपहर 1:30 से 3:30, पता- मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे एवं बगल वाली गली मे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर (छ.ग). मो 9424218055. (RO-2657)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** कार चलाने ड्राइवर की आवश्यकता हैं। लालपुर रायपुर निवासी को प्राथमिकता, वेतन 12000/- से 14000/- योग्यतानुसार, सम्पर्क करें- मो. नं. 9300659227, 7566578910. (RO-7466)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के लिए लड़कियों की आवश्यकता है इंदिरा मार्केट दुर्ग इंदिरा मार्केट दुर्ग मोबाइल नंबर 93030 36003 (RO-454)

**आवश्यकता है-** टेलिकलिंग, ऑफिस कार्य हेतु युवतियां महिलाएं चाहिए सैलेरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग पश्चात 8000 से 10000 महीना सम्पर्क करें- नियर सांई मंदिर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी धर्मपुर रोड जगदलपुर 6366578863, 9685471225. (RO-33727)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** इन्दौर (MP) में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं 12वीं स्नातक पास लड़के चाहिए वेतन 10000 +कमीशन +बोनस +रहना फ्री, कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7389318055, 9575712101. (RO-1262)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 8420183092. (RO-37)

**आवश्यकता है-** Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें-9279501139, 7319476022. (RO-25)

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरूरतमंद लोग WHAT-SAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 85830 47417.(RO-1316)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करें स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 8602908677, 7477221345, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.(RO-2586)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Education शिक्षण

**मेडिकल प्रवेश-** 12वीं पास (बायो ) विद्यार्थियों व जनरल प्रैक्टिशनल चिकित्सको के लिए छत्तीसगढ़ नर्सिंग एक्ट के तहत पंजीयन व छत्तीसगढ़ शासन में पंजीयन के लिए मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश प्रारंभ है संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग (छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6099)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठे मानना, ग्रहकलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119. (RO-12544)

## Property प्रापर्टी

### जमीन

**बेचना है-** रायपुर के प्राइम लोकेशन पर फ्रेन्ड्स कॉलोनी, डुण्डा सरकारी स्कूल के पास डबल रोड (30,25Ft.) 2475 वर्गफुट TNC अप्रूव्ड भूखण्ड बेचना है। सम्पर्क करें- ऋषभ शर्मा 9098888879, 9300888877.(RO-33652)

**जमीन बेचना है-** रायपुर से 15km दूर बिलासपुर रोड पर विश्रामगृह के पीछे 10 से 15 हजार वर्गफुट कवर्ड कैंपस, जमीन बेचना है। संपर्क करें 9826938090.(RO-1448)

### मकान

**मकान बेचना है-** चंगोराभाठा मे 750 वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ स्वतंत्र नया मकान एवं रायपुरा सत्यम विहार कॉलोनी 1100 फुट प्लॉट बेचना है संपर्क:- 9300505421, 9993451070.(RO-2665)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### प्लाट

**मकान/प्लाट बेचना है-** विद्युत नगर (दुर्ग) मेन रोड से 100मी अंदर 3400sqft प्लाट में निर्मित डबल रोड का 6BHK डुप्लेक्स मकान कीमत 1.35 करोड़ एवं मीनाक्षी नगर बोरसी में तुरंत घर बनाने योग्य 1500sqft के 4 diverted plot शीघ्र बेचना है संपर्क- 9039017682, 9827968999. (RO-6267)

### भूमि

**भूमि बेचना है-** आदर्शनगर से लगा दुर्ग स्थित डबल रोड, पूर्वमुखी 2400sq प्लाट पर 4546sq में निर्मित मकान/ ग्राम बठेना पाटन में 82 डिसमिल/ गुण्डरदेही स्टेट हाईवे में डेढ़ एकड़ भूमि बेचना है। मो नं- 8770921134.(आरो न.-456)




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर ले। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 375/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 350/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 340/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 550 | 650 | 640 | [illegible] Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 450 | 490 | 510 | 395/- Sq cm |
| All CG | 800 | 930 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1680 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL


MATRIMONIAL CG+MP

| | |
|---|---|
| 400/- 1 Sunday | 500/- 1 Sunday |
| 700/- 2 Sunday | 800/- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1,200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 PIX SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

## Healthcare






# बेंगलोर लगातार खराब प्रदर्शन से निराश, हैदराबाद के खिलाफ गेंदबाजों से उम्मीद

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर है। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरुप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।



### गेंदबाजी में वैरिएशन नहीं

*इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाए। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाए लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों। आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारुपन का अभाव साफ दिख रहा है।*

### फार्म में हैदराबादी बल्लेबाज



हैदराबाद के पास हेनरिच क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिए हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिए हैं और सात की औसत से रन दिए हैं। वह नई गेंद से या बीच के ओवरों में दूसरे बदलाव के तौर पर या डैथ ओवरों में हर जगह अच्छी गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं। टी नटराजन के आने से गेंदबाजी में संतुलन आ गया है।

### कोहली बने संकटमोचक

*आरसीबी के पास विराट कोहली जैसा तुरुप का इक्का है जो इस समय ऑरेंज कैप पहने है। वहीं फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने भी मुंबई के खिलाफ अर्धशतक बनाए थे। ग्लेन मैक्सवेल का फॉर्म हालांकि चिंता का सबब बना हुआ है।*

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

*सनराइजर्स हैदराबाद: जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।*

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
319 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजवेंद्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर

851 चौके
487 छक्के

## खबर संक्षेप

### लगातार अच्छा खेलने का दबाव है : हेड

**बेंगलोर।** आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है और इस



सफर का पहला पड़ाव टी20 विश्व कप होगा। हेड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्व कप में शतक जमाए थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं। हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।'

### धवन कम से कम दस दिन के लिए बाहर

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिए बहुत जरूरी है।'

## आईपीएल : ऋतुराज और शिवम का अर्धशतक, पथिराना 'चौके' से बने हीरो

# चेन्नई चैंपियंस की जंग में सुपरकिंग्स 'धोनी शो' से रोहित का शतक बेकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चेन्नई सुपरकिंग्स ने रोहित शर्मा के शतक के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां मुंबई इंडियंस को 20 रन से हरा दिया। सुपरकिंग्स के 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी। ऋतुराज गायकवाड़ (69 रन) और शिवम दुबे (नाबाद 66 रन) ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की जिससे सुपरकिंग्स ने चार विकेट पर 206 रन बनाए। महेंद्र सिंह धोनी ने अंत में चार गेंद में तीन छक्कों से नाबाद 20 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 200 रन पार पहुंचाया।

मथीसा पथिराना (चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने रोहित की 63 गेंद में पांच छक्कों और 11 चौकों से नाबाद 105 रन की पारी बेकार चली गई। रोहित ने इशान किशन (23) के साथ पहले विकेट के लिए 70 और तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की लेकिन मुंबई को जीत नहीं दिला सके। पथिराना ने 4 विकेट लेकर पूरी बाजी ही पलट दी। पथिराना ने ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और रोमारियो शेफर्ड को अपना शिकार बनाया।





### धोनी ने खेला 250वां मैच

धोनी ने टी20 इतिहास में किसी एक टीम के लिए 250वां मुकाबला खेला। भारतीय क्रिकेट इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में शामिल धोनी ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली की बराबरी कर ली। कोहली हाल ही में आरसीबी के लिए 250 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने थे। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा कोई भी अबतक यह उपलब्धि हासिल नहीं कर सका है।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का पंड्या बो कोएट्जी | 05 | 08 | 1 | 0 |
| रचिन रविंद्र का इशान बो गोपाल | 21 | 16 | 2 | 1 |
| गायकवाड़ का नबी बो पंड्या | 69 | 40 | 5 | 5 |
| शिवम दुबे नाबाद | 66 | 38 | 10 | 2 |
| डेरिल मिचेल का नबी बो पंड्या | 17 | 14 | 1 | 0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 20 | 04 | 0 | 3 |

**अतिरिक्त :** 08, कुल : 20 ओवर में 206/4
**गेंदबाजी :** नबी 3-0-19-0, कोएट्जी 4-0-35-1, बुमराह 4-0-27-0, मधवाल 3-0-37-0, , पाल 1-0-9-1, हार्दिक 3-0-43-2, शेफर्ड 2-0-33-0.16-1.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा नाबाद | 105 | 63 | 11 | 5 |
| किशन का शारदुल बो पथिराना | 23 | 15 | 3 | 1 |
| सूर्या का मुस्तफिजुर बो पथिराना | 00 | 02 | 0 | 0 |
| तिलक का शारदुल बो पथिराना | 31 | 20 | 5 | 0 |
| पंड्या का जडेजा बो देशपांडे | 02 | 06 | 0 | 0 |
| डेविड का रविंद्र बो मुस्तफिजुर | 13 | 05 | 0 | 2 |
| रोमारियो शेफर्ड बो पथिराना | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 04 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 186/6
गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-29-1, मुस्तफिजुर 4-0-55-1, शारदुल 4-0-35-0, जडेजा 4-0-37-0, पथिराना 4-0-28-0.




### रोहित का 12 साल बाद शतक

रोहित के बल्ले से आईपीएल में 12 साल बाद शतक निकला। रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस की ओर से बतौर सलामी बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। सचिन ने ओपनर के तौर पर मुंबई के लिए 2492 रन जड़े थे। रोहित अब सचिन से आगे निकल गए हैं। रोहित शर्मा ने अपनी पारी के दौरान 5 छक्के जमाए। इसके साथ ही टी-20 क्रिकेट में रोहित ने 500 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। हिटमैन टी-20 क्रिकेट में 500 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं।

## खास खबर

# इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया



एजेंसी ▶▶ कैंसास सिटी

करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेसी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेसी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे। एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेसी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।


### बुमराह मुंबई के इमरजेंसी लाइट : अश्विन

**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म में हैं। बुमराह ने पांच मैचों में 10 विकेट चटकाए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, जब पावर कट होता है, तो हम इमरजेंसी लाइट का इस्तेमाल करते हैं। मुंबई इंडियंस बुमराह को इमरजेंसी लाइट की तरह इस्तेमाल करती है और अगर वह विकेट हासिल कर सकता है तो पावरप्ले में ये टीम के लिए बूस्ट का काम करता है। उसके बाद दूसरे हाफ में मुंबई उनके बचे हुए तीन ओवर का इस्तेमाल करती है।

# कोलकाता ने दर्ज की चौथी जीत लखनऊ को आठ विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

फिल साल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को 26 गेंद रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। साल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए।



### स्कोर बोर्ड

| एलएसजी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का नारायण बो अरोड़ा | 10 | 08 | 2 | 0 |
| राहुल का रमनदीप बो रसेल | 39 | 27 | 3 | 2 |
| हुड्डा का रमनदीप बो स्टार्क | 08 | 10 | 1 | 0 |
| बडोनी का रघुवंशी बो नारायण | 29 | 27 | 2 | 1 |
| स्टोइनिस का सॉल्ट बो वरुण | 10 | 05 | 2 | 0 |
| पूरन का सॉल्ट बो स्टार्क | 45 | 32 | 2 | 4 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 0 | 0 |
| अरशद खान बो स्टार्क | 05 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/7
गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-28-3, अरोड़ा 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नारायण 4-0-17-1, चक्रवर्ती4-0-30-1, रसेल 1-0-16-1.

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14 | 3 |
| नारायण का स्टोइनिस बो मोहसिन | 06 | 06 | 1 | 0 |
| रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन | 07 | 06 | 0 | 1 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 6 | 0 |

अतिरिक्त : 22, कुल : 15.4 ओवर में 162/2
गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0.

### सितसिपास ने तीसरी बार जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स

मोनाको। स्टेफानोस सितसिपास ने रविवार को यहां कैस्पर रूड को 6-1, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार क्ले-कोर्ट मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता। वह चैंपियन बनने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और अपनी कुर्सी पर बैठकर रोने लगे। साल का अपना पहला खिताब और दो साल में सबसे बड़ी खिताबी जीत हासिल करने के बाद सितसिपास अपना सिर पकड़कर बैठे रहे और कुछ देर रोते रहे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सितसिपास ने कहा, मुझे आज खुद पर बहुत गर्व है। मैं लंबे समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि इस सप्ताह क्या होने वाला है।'

# कैंडिडेट्स शतरंज: गुजराती को हराकर इयान के साथ गुकेश ने बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶ टोरंटो



भारत के डी गुकेश ने हमवतन विदित गुजराती को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के बाद रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि हिकारू नकामूरा ने फेबियानो कारुआना को हराया। नेपोम्नियाश्चि को निजात अबासोव ने ड्रॉ पर रोका। टूर्नामेंट के छह दौर अभी बाकी हैं। गुकेश और नेपोम्नियाश्चि के पांच अंक हैं जबकि नकामूरा और प्रज्ञानानंदा के 4.5 अंक हैं। कारुआना चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं। गुजराती के 3.5 अंक हैं जबकि अबासोव के 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने हमवतन आर वैशाली को हराया और अब उनके 3.5 अंक हैं। चीन की झोंग्यी तान को हमवतन टी लेइ ने हराया। अब रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना और लेइ आठ में से पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हम्पी और नूरगुल सलीमोवा पांचवें स्थान पर हैं। वैशाली 2.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप : चयनकर्ताओं के लिए माथापच्ची शुरु

# कोहली, रोहित, यशस्वी सलामी बल्लेबाज के दावेदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2024 के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान टी20 वर्ल्ड कप के लिए होगा, इसके लिए खूब नूराकुश्ती देखने को मिल सकती है। टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर से लेकर मिडिल ऑर्डर तक... इसके बाद ऑलराउंडर्स, स्पिनर्स से लेकर पेसर्स तक... सभी डिपार्टमेंट में मौजूदा खिलाड़ियों के बीच सेलेक्शन को लेकर कंपटीशन देखने को मिलेगी।

टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से करीब डेढ़ महीने पहले आज हम आपको टीम इंडिया के वर्ल्ड कप के टॉप ऑर्डर को लेकर बात करने वाले हैं। आखिर टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के ओपनर्स कौन हो सकते हैं? इसके लिए हमने सभी मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों के नंबर-1 और नंबर-2 पर खेलने के आंकड़ों का एनालिसिस किया, जो टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए खेल रहे हैं या खेल चुके हैं।



### नंबर-1 के दावेदार

*अब तक भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर्स की बात की जाए, तो इस पोजीशन (नंबर-1 और नंबर-2) पर सबसे ज्यादा रन रोहित शर्मा के हैं। वहीं मौजूदा समय में खेल रहे खिलाड़ियों में बतौर ओपनर विराट कोहली का एवरेज सबसे ज्यादा है। संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव का सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा है। यहां ध्यान रहे हमने टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करने वाले बल्लेबाजों का विश्लेषण किया है।*

### यशस्वी का पलड़ा भारी

जैसा कि अनुमान है रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के लिए ओपनिंग ऑर्डर में बदलाव नहीं करेंगे। भारतीय टीम अपना आखिरी टी20 मैच 17 जनवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने उतरी थी। उस मैच में ओपनर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल थे। ऐसे में जायसवाल का पलड़ा भारी है। रोहित और जायसवाल के अलावा शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़ भी दावेदार हैं। ईशान किशन भी इस पैरामीटर में फिट बैठते हैं, जो विकेटकीपर के साथ ओपनर बल्लेबाज हैं। वहीं विराट कोहली ने आईपीएल 2024 के शुरुआती मैचों में ओपनिंग करते हुए जिस तरह की बल्लेबाजी की है, उसे देखते हुए कुछ दिग्गज कोहली को भी ओपनिंग स्लॉट के लिए दावेदार बता रहे हैं।








# पृथ्वी पर ऐसे भी जीव-जंतु जो कई दिनों तक बिना पानी पिये रहते हैं जिंदा

नई दिल्ली। इंसान, पक्षियों और जानवरों के लिए पानी बेहद जरूरी है। पानी का महत्व इंसानों से लेकर ज्यादातर जानवरों के लिए भी है। दुनियाभर में विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के जानवर हैं, लेकिन क्या आप सोच सकते हैं कि कुछ ऐसे जानवर भी हैं जो बिना पानी पिये कई-कई दिनों तक जिंदा रह सकते हैं। तो चलिए आज हम जानते हैं कुछ ऐसे ही जानवरों के बारे में जो बिना पानी पिये जिंदा रहते हैं।

ये जानवर बिना पानी पिए रह सकते हैं जिंदा

## ग्रेटर रोडरनर




नॉर्थ और सेंट्रल अमेरिका में पाया जाने वाला ग्रेटर रोडरनर ये पक्षी बिना पानी के भी जीवित रह सकता है। दरअसल ग्रेटर रोडरनर अपने आहार से नमी प्राप्त करता है। उसके आहार में सरीसृप और छोटे स्तनधारी जानवर शामिल होते हैं।

## कंगारू चूहे




नॉर्थ अमेरिका में पाए जाने वाले कंगारू चूहे उन बीजों से पानी हासिल करते हैं जो उसके आहार में शामिल होते हैं। इन चूहों की किडनी काफी मजबूत होती है। ऐसे में ये चूहे बिना पानी पिए भी अपनी पूरी जिंदगी निकाल सकते हैं।

## रेगिस्तानी लोमड़ी



सहारा रेगिस्तान में पाई जाने वाली रेगिस्तानी लोमड़ी भी कीड़ों और वनस्पति को खाकर अपने शरीर में पानी की पूर्ति करती है। इसके अलावा अपने शरीर से पसीना कम बहाकर भी ये लोमड़ी अपने शरीर में पानी की पूर्ति करती है।

## रेगिस्तानी कछुए



रेगिस्तान में पाए जाने वाले कछुए भी बिना पानी पिए कई-कई माह तक जिंदा रहते हैं। पौधों को खाकर ये कछुए अपने शरीर में पानी की पूर्ति करते हैं। इसके अलावा सुबह की ओस या बारिश की नमी इनके शरीर में पानी की पूर्ति करती है।

## रेगिस्तान का जहाज ऊंट



जैसा कि सभी जानते हैं कि रेगिस्तान में पाए जाने वाले ऊंट लंबे समय तक बिना पानी के रह सकते हैं। दरअसल जब पानी मिलता है तो ये अपनी कूबड़ में अच्छा खासा पानी स्टोर कर लेते हैं। जिसके चलते कई दिनों तक ये बिना पानी के रह सकते हैं।

## थॉर्नी डेविल



थॉर्नी डिविल छिपकली की एक प्रजाति है जो ऑस्ट्रेलिया में पाई जाती है। इसका नाम थॉर्नी डेविल है। वैसे यह छिपकली ज्यादा नजर नहीं आती लेकिन ये भी बिना पानी का सेवन किए कई-कई दिनों तक जिंदा रहती है। दरअसल ये छिपकली बारिश से अपनी त्वचा के माध्यम से पानी को अवशोषित कर नमी प्राप्त करती है। रेगिस्तान में पाए जाने वाले इगुआना भी लंबे समय तक बिना पानी के रह सकते हैं। ये प्रजाति दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका और उत्तर-पश्चिमी मेक्सिको के सोनोरान और मोजावे रेगिस्तानों के साथ-साथ कैलिफोर्निया की खाड़ी के कई द्वीपों पर पाई जाती है।




## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो सगे भाई समेत तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों सहित तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा ग्राम चोरभट्ठी के निकट हुई, तीनों युवक ग्राम अर्जुनी के रहने वाले थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम पश्चात परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक ग्राम अर्जुनी से ग्राम संडी बारात गए थे और वापसी के दौरान बाईपास रोड से लौट रहे थे। ग्राम चोरभट्ठी मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीनों युवकों को जोरदार ठोकर मार दी, इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ग्राम अर्जुनी में मृतक के दोस्त का विवाह हो रहा था जिसके बरात ग्राम संडी गए थे।

रात खाना खाने के बाद तीनों अपने गांव अर्जुनी लौट रहे थे। हादसा रात करीब 10 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मृतकों में दो सगे भाई कोमल साहू 26 वर्ष और मुकेश साहू 24 वर्ष पिता भरत साहू हैं वहीं तीसरा युवक रवि यादव 26 वर्ष पिता नारोत्तम यादव है। तीनों मित्र थे और साथ में गए हुए थे। पीएम पश्चात पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com